आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-118 ● जबलपुर ● रविवार, 30 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

शिवराज बोले 7 साल ऐतिहासिक

भोपाल। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने कोविड 19 के संक्रमण की रोकथाम और इलाज तथा प्रभावितों की सहायता के लिए अनेक योजनाएं बनाकर निरंतर प्रयास किये हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के दूसरे कार्यकाल के दो साल पूरे होने के मौके पर अपने ट्वीट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से हम मध्यप्रदेश में कोविड 19 संक्रमण को नियंत्रित करने में सफल हुए।

एक जून से बढ़ सकते है एलपीजी के दाम

भोपाल। देश में तेल कंपनियां हर माह गैस सिलेंडर की कीमतों में बदलाव की घोषणा करती है। ऐसे में एक जून से आपकी रसोई गैस की कीमतों में फिर बदलाव होने की संभावना है। राजधानी दिल्ली की बात की जाए तो यहां फिलहाल 14.2 किग्रा का गैस सिलेंडर 809 रुपए में मिल रहा है, ऐसे यह भी आशंका जताई जा रही है कि गैस सिलेंडर के दाम में 1 जून के 50 रुपए तक की बढ़ोतरी की जा सकती है।

महामारी हो या तूफान, देश मजबूती से लड़ रहा

सरकार के 7 साल पूरे होने पर पर मन की बात में बोले पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज 30 मई को हम मन की बात कर रहे हैं और संयोग से ये सरकार के सात साल पूरे होने का भी समय है। इन वर्षों में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चला है।इन सात वर्षों में जो कुछ भी उपलब्धि रही है, वो देश की रही है, देशवासियों की रही है। कितने ही राष्ट्रीय गौरव के क्षण हमने इन वर्षों में साथ मिलकर अनुभव किए हैं।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप सोचिए, हमारे देश में इतना बड़ा संकट आया, इसका ऐसे देश की हर एक व्यवस्था पर पड़ा। कृषि व्यवस्था ने खुद को इस हमले से काफी हद तक सुरक्षित रखा। सुरक्षित ही नहीं रख, बल्कि प्रगति भी की, आगे भी बढ़ी प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यक्रम में जानकारी दी कि कोरोना की शुरुआत में भारत में मात्र एक टेस्टिंग लैब थी लेकिन आज ढाई हजार से ज्यादा टेस्टिंग लैब काम कर रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि शुरुआत में कुछ 100 टेस्ट होते थे लेकिन अब 20 लाख टेस्ट एक साथ होते हैं।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि कितने ही लोग देश को धन्यवाद देते हैं कि 70 साल बाद उनके गांव में पहली बार बिजली पहुंची है, उनके बेटे-बेटियां उजाले में, पंखे में बैठ करके पढ़ रहे हैं।

21 माह में ही 4.5 करोड़ घरों को दिए पानी कनैक्शन

मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद 7 दशकों में हमारे देश के केवल साढ़े तीन कनैक्शन थे 7 लेकिन पिछले 21 महीनों में ही साढ़े चार करोड़ घरों को साफ पानी के कनैक्शन दिए गए हैं।

डॉक्टर और नर्सों ने दिन रात किया काम

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सामूहिक शक्ति और हमारे सेवा-भाव ने, देश को हर तूफ़ान से बाहर निकाला है। हाल के दिनों में हमने देखा है कि कैसे हमारे डॉक्टर, नर्स और फ्रंट लाइन वॉरियर्स- उन्होंने खुद की चिंता छोड़कर दिन रात काम किया ...

केन्द्र के 7 साल पर कांग्रेस तंज

भाजपा सरकार देश के लिए हानिकारक-कांग्रेस

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार के आज 7 साल पूरे हो गए हैं। सरकार इस दौरान अपनी उपलब्धियां गिना रही है। वहीं कांग्रेस ने सरकार पर पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि देश ने सात सालों में बहुत कुछ खो दिया है। सुरजेवाला ने इस मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दीं। सुरजेवाला ने कहा कि सरकार देश के लिए हानिकारक है। सरकार की गलत नीति की वजह से आज देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। जीडीपी माइनस में चली गई है, 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर हो गई है, कोरोना के कारण लोग मर रहे हैं, लेकिन सरकार इसपर ध्यान देने के बजाए मौन धारण कर बैठी है। जनता तो समझ चुकी है कि सरकार सिर्फ भाषण देना जानती है उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी अत्यंत गंभीर आपदा का रूप धारण कर चुकी है, जो मोदी सरकार की नाकामी का जीता जागता सबूत है।

क्रिक अपडेट

पत्नी के ब्लर फोटो विवाद पर इरफान पठान के सपोर्ट में उतरीं सफा बेग

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की पत्नी सफा बेग ने उन ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है, जो उनके पति को पत?नी का चेहरा धुंधला करने पर काफी खरी-खोटी सुना रहे थे। हाल ही में इरफान के बेटे इमरान पठान के सोशल मीडिया से एक फोटो शेयर की गई, जिसमें सफा बेग के चेहरे पर नकाब नहीं था, लेकिन उनका चेहरा एडिट करके ब्लर किया हुआ था। इस फोटो पर फैन्स ने इरफान को काफी भला-बुरा कहा। फोटो में इरफान और उनके बेटे ने मास्क नहीं लगाया था। सफा बेग ने भी मास्क नहीं लगाया, लेकिन फोटो देखने में ऐसा लग रहा था कि उन्होंने मास्क लगा रखा है।

सास डिंपल को डेट पर ले जाना चाहते थे -अक्षय

नई दिल्ली। बॉलीवुड के खिलाड़ी यानि अक्षय की जिंदगी से जुड़ा एक बहुत बड़ा राज सामने आया है, वो ये कि अक्षय पत्नी ट्विंकल को नहीं बल्कि सास डिंपल को डेट पर ले जाना चाहते थे।

GST Return नहीं भरने वालों को भी मिला एक मौका

नई दिल्ली। जिन कारोबारियों ने वर्ष 2017 के जुलाई में जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद से अभी तक एक बार भी रिटर्न दाखिल नहीं किया है, उन्हें भी सरकार बेहद मामूली शुल्क भुगतान के साथ रिटर्न दाखिल करने और जीएसटी तंत्र में शामिल होने का मौका दे रही है। इस सप्ताह शुक्रवार को जीएसटी काउंसिल की 43वीं बैठक में यह फैसला किया गया, ताकि अधिक से अधिक कारोबारियों को जीएसटी के दायरे में लाया जा सके। जीएसटी विशेषज्ञ एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) प्रवीण शर्मा के अनुसार, इस फैसले से सरकार और कारोबारी दोनों को फायदा होगा।

India Coronavirus, Its' Going

46 24 घंटों में सामने आए 1.65 लाख मामले, डेढ़ महीने बाद आए सबसे कम केस

नई दिल्ली।

देश में कोरोना वायरस संक्रमण के हालात तेजी से सुधर रहे हैं। देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 1.65 लाख केस आए हैं जो 12 अप्रैल के बाद सबसे कम मामले हैं। कोरोना के सक्रिय मामले कम हो रहे हैं। रिकवरी रेट बढ़ रहा। देश में कोरोना की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। देश में करीब डेढ़ महीने बाद कोरोना संक्रमण के रोजाना मामले 1.65 लाख के पास पहुंचे हैं। इसके साथ ही कोरोना के सक्रिय मामलों में कमी भी आ रही है। भारत में कोरोना से ठीक होने वाले मरीज भी बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 1,65,553 नए मामले सामने आए हैं। यह 12 अप्रैल के बाद देश में एक दिन में आए सबसे कम मामले हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना से 3.460 लोगों की मौत हुई है। कोरोना के नए मामलों के साथ ही देश में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। बीते 24 घंटों में देश भर में कोरोना से 2,76,309 लोग ठीक हुए हैं। इसको मिलाकर भारत में अब तक कुल 2,54,54,320 लोग कोरोना से उबर चुके हैं। इससे भारत की रिकवरी दर बढ़कर 91.25% हो गई है। कोरोना रिकवरी के अलावा सक्रिय केस में भी गिरावट देखी जा रही है। देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 1,14,216 एक्टिव केस कम हुए हैं। फिलहाल देश में कोरोना के 21,14,508 एक्टिव केस हैं। एक्टिव दर घटकर 7.58% हो गई है देश में कोरोना संक्रमण के अब तक कुल 2,78,94,800 मामले सामने आ चुके हैं। भारत में कोरोना से अब तक 3,25,972 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

बंदिशों के साथ मध्य प्रदेश एक जून से होगा अनलॉक

सभी सामाजिक, राजनीतिक, खेल, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन नहीं होंगे

मध्य प्रदेश गृह विभाग ने अनलाक में प्रतिबंध और छूट को लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं, ये नियम एक जून से 15 जून तक प्रभावशील रहेंगे।

भोपाल। मध्य प्रदेश में एक जून से अनलाक की प्रक्रिया शुरू होगी। पांच फीसद से अधिक व कम संक्रमण दर वाले शहरों के लिए अलग- अलग नियम होंगे। दुकानदारों के लिए नियम होगा कि वे खुद भी मास्क पहनें और ग्राहकों को भी पहनने को कहें। बिना मास्क पहने ग्राहक को सामान देने पर दुकान सील की जा सकेगी। गृह विभाग ने अनलाक में प्रतिबंध और छूट को लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। ये नियम एक जून से 15 जून तक प्रभावशील रहेंगे।

टीकाकरण के सुझाव देने वाले मंत्री समूह ने प्रस्ताव रखा है कि उन्हीं दुकानदारों को दुकानें खोलने की छूट दी जाए, जिन्हें टीका लग चुका है। इस प्रस्ताव पर आपदा प्रबंधन समिति में 30 मई को फैसला लिया जाएगा। **सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ये रहेंगे प्रतिबंध**- अंतिम संस्कार में 10 और विवाह में 20 से ज्यादा लोग नहीं हो सकेंगे शामिल।- सिनेमाघर, मॉल, स्वीमिंग पूल, पिकनिक स्थल, थियेटर, ऑडिटोरियम, सभागृह नहीं खुलेंगे।- प्रदेशभर में रात दस से सुबह छह बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू।- शनिवार रात दस से सोमवार सुबह छह बजे तक जनता कर्फ्यू रहेगा।- धार्मिक और पूजा स्थल पर एक समय में चार से अधिक लोग उपस्थित नहीं रहेंगे।- स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान नहीं खुलेंगे। ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी।- अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले कार्यालयों को छोड़ शेष कार्यालय 100त्न अधिकारियों व 50त्न कर्मियों के साथ संचालित हो सकेंगे। अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, स्वास्थ्य बीमा के कार्यालय सहित स्वास्थ्य से जुड़े संस्थान खुले रहेंगे।- मेडिकल, राशन दुकानें, किराना दुकानें, फल-सब्जियों, डेयरी, दुग्ध केंद्र, आटा चक्की, पशु आहार की दुकानें पूरे दिन के लिए खुली रहेंगी।- पेट्रोल पंप, गैस स्टेशन चालू रहेंगी।- सार्वजनिक परिवहन, निजी बसों, ट्रेनों से आवाजाही कोरोना गाइडलाइन के पालन की अनिवार्यता के साथ रहेगी।- आटो, ई-रिक्शा में दो सवारी, टैक्सी तथा निजी चार पहिया वाहनों में चालक व दो यात्री मास्क पहनकर यात्रा कर सकेंगे।



दमोह जिले में 7 जून तक कोरोना कर्फ्यू

दमोह , यशभारत। दमोह आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद अब एक सप्ताह तक कोरोना कर्फ्यू जारी रहेगा। बैठक में 5 दिन लॉक डाउन बढ़ाने तथा 2 दिन शनिवार रविवार कर्फ्यू जारी रहने के आदेश को मिलाकर एक सप्ताह तक कोरोना कर्फ्यू बढ़ाने का प्रस्ताव कलेक्टर एस के चेतन्य द्वारा शासन को भेजा जा रहा है।

भारत ने डोमिनिका से मांगा चोकसी, कहा- भगोड़े ने किया है बड़ा अपराध

नई दिल्ली। भारत सरकार ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को वापस लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसके लिए कई एजेंसियां डोमिनिका सरकार के संपर्क में हैं, जिनका कहना है कि चोकसी मूल रूप से एक भारतीय नागरिक है। भारत ने बैक-चैनल और राजनयिक मार्ग के माध्यम से डोमिनिका से स्पष्ट रूप से कहा है कि मेहुल चोकसी को एक भगोड़े भारतीय नागरिक के रूप में माना जाना चाहिए, जिसके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस है। भारत ने उसे भारतीय अधिकारियों को सौंपने की बात कही है। नहीं

कुबूल है सुनते ही खुशी से झूम उठी दुल्हन, दूल्हे को लपक कर दिया किस

नई दिल्ली। आपकी शादी का दिन आपके जीवन का सबसे खुशहाल दिन माना जाता है। आप चाहते हैं कि इस दिन सबकुछ एक दिन परफेक्ट होना चाहिए। हाल ही में सोशल मीडिया पर इसी तरह की शादी की एक वीडियो खूब वायरल हो रही है। शादी के बंधन में बंधा एक जोड़ा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है और वायरल हो रहा है। इनके वायरल होने की वजह है इनकी खुशी। असल में शादी वाले दिन दुल्हन खुशी में झूम उठी और खुशी में दुल्हे को किस कर लिया।

राजस्थान के घर-घर में मिलेंगे तुलसी-अश्वगंधा-गिलोय-कालमेघ, गहलोत सरकार हर परिवार को देगी 8 पौधे

जयपुर । राजस्थान सरकार एक अनूठी पहल की है। घर-घर औषधि योजना के तहत राज्य के सभी परिवारों को चार चुनिंदा औषधीय जड़ी-बूटियों के पौधे उपलब्ध कराएगी। गहलोत सरकार की मेगा योजना का लक्ष्य राज्य में रहने वाले सभी 1,26,50,000 परिवारों तक पहुंचना है। उन्हें इस अभियान के तहत चार औषधीय जड़ी-बूटियों के पौधे (तुलसी, अश्वगंधा, गिलोय और कालमेघ) दिए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा इस पंचवर्षीय योजना के लिए 210 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से 31.4 करोड़ रुपये पहले वर्ष में राज्य के आधे घरों में पांच करोड़ से अधिक पौधे वितरित करने के लिए खर्च किए जाएंगे। अगले वर्ष शेष परिवारों में समान संख्या में पौधे बांटे जाएंगे। प्रत्येक परिवार को एक बार में आठ पौधे, चार जड़ी-बूटियों में से प्रत्येक के दो पौधे प्राप्त होंगे। पांच वर्षों में प्रत्येक परिवार को कुल 24 पौधे प्राप्त होंगे। राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के सचिव ने कहा, राजस्थान जैव विविधता में समृद्ध है और कई औषधीय पौधों का घर है। राज्य सरकार की घर घर औषधि योजना इस प्राकृतिक संपदा के संरक्षण में मदद करेगी और लोगों को स्वास्थ्य के लिए जड़ी-बूटियों और पौधों के महत्व को समझने में मदद करेगी।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के अनुसार, बड़े पैमाने पर पौधा उपहार अभियान का उद्देश्य पौधों और लोगों के बीच लाभकारी संबंधों को मजबूत करना है। ये पौधे राजस्थान के मूल निवासी हैं और पारंपरिक रूप से स्वास्थ्य पूरक और हर्बल दवाओं में उपयोग किए जाते हैं। अभियान के तहत पौधों को उनके रखरखाव और उचित उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। योजना को सफल बनाने में राज्य सरकार के कई विभाग योगदान दे रहे हैं।

मेडिकल माफियाओं में हिम्मत है तो आमिर खान के खिलाफ खोलें मोर्चा

एलोपैथी विवादः वीडियो शेयर कर बोले रामदेव

नई दिल्ली । एलोपैथी और आयुर्वेद को लेकर उपजा विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बाबा रामदेव रोजाना कोई नया बयान दे रहे हैं। वहीं इस बार उन्होंने अभिनेता आमिर खान का एक वीडियो साझा किया है। स्वामी रामदेव ने कहा कि मेडिकल माफिया की हिम्मत है तो वह आमिर खान के खिलाफ मोर्चा खोलकर दिखाएं। उन्होंने स्टार प्लस के आमिर खान के उस कार्यक्रम का वीडियो अपने फेसबुक पर साझा किया है। जिसमें कहा गया कि इन मेडिकल माफियाओं में हिम्मत है तो आमिर खान के खिलाफ मोर्चा खोलें- **आईएमए की चुनौती** कोरोना की तीसरी लहर में बाबा रामदेव संभालें स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मा जिसमें राजस्थान में एक व्यक्ति ने मेडिकल स्टोर से 2151 रुपये की दवा ली थी, जेनरिक मेडिकल स्टोर से वही दवा 354 रुपये में मिली थी। कीमत के इस अंतर को लेकर बाबा ने सवाल उठाया है। वहीं योग गुरु स्वामी रामदेव ने दावा किया है कि हिंदुस्तान का हर दूसरा व्यक्ति कोरोना की चपेट में आकर निकल गया।

नदी में फेंक दिया कोरोना पीड़ित का शव

बलरामपुर। में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। कोरोना पीड़ित के शव को घर ले जा रहे परिजनों ने तुलसीपुर हाईवे पर स्थित रासी नदी के सिसई घाट से शनिवार की दोपहर बारिश के दौरान एक शव नदी में फेंक दिया। मामले का वीडियो वायरल हो जाने से प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। जिसके बाद एडीएम ए के शुक्ल ने मामले की जांच सीएमओ को सौंपी।

56 साल के ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन ने 23 साल छोटी महिला से की गुपचुप शादी!

नई दिल्ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपनी मंगेतर कैरी साइमंड्स के साथ गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। 56 साल के बोरिस जॉनसन ने वेस्टमिंस्टर कैथेड्रल में एक गुप्त समारोह में 33 साल की कैरी से शादी रचाई। बता दें कि कैरी साइमंड्स बोरिस जॉनसन से 23 साल छोटी हैं। इससे पहले द सन ने खबर दी थी कि दोनों जुलाई 2022 में शादी करने वाले हैं, इसके लिए उन्होंने अपने परिवार और दोस्तों को निमंत्रण भी भेजा था। ऐसा कहा जाता है कि बोरिस जॉनसन एक बहुत निजी जीवन जीते हैं। जॉनसन के डाउनिंग स्ट्रीट कार्यालय के एक प्रवक्ता ने शादी की रिपोर्टों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। खबरों के मुताबिक मध्य लंदन में हुए शादी के समारोह में आखिरी समय पर मेहमानों को बुलाया गया था और कहा कि जॉनसन के कार्यालय के बड़े सदस्य भी शादी की योजना से अनजान थे।

कमलनाथ बोले मेरे पास हनिट्रेप की पेन ड्राइव नहीं

मुरैना। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि पेन ड्राइव उनके पास नहीं है, लेकिन वह पूरे प्रदेश में घूम रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने यह बाद मुरैना प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि जब मैं प्रदेश का मुख्यमंत्री था तो पुलिस का दायित्व था कि वह हर चीज मुझे बताए। इसी दौरान बाकी जानकारियों के साथ ही यह पेन ड्राइव भी मेरे पास आई थी। अब वह पेन ड्राइव मेरे पास नहीं है।

देश में लागू होगी दुनिया की सबसे अलग टीकाकरण नीति

नई दिल्ली।

अगर सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले वक्त में लोगों को दी जाने वाली कोरोना की वैक्सीन में बहुत बड़े बदलाव हो सकते हैं। यह बदलाव किसी और वजह से नहीं बल्कि यह हाल भूल से लगाई जाने वाली कंपनियों की वैक्सीन की डोज़ को देखते हुए हो रहा है। वैज्ञानिक अब इस शोध में लगने वाले हैं कि आने वाले वक्त में लोगों को मिक्स एंड मैच वैक्सीन की डोज दी जाए। मिक्स एंड मैच वैक्सिंग की डोज़ का मतलब होता है कि एक टीके की डोज किसी कंपनी की और दूसरे टीके की डोज किसी कंपनी की लगाई जाए। शोध के बाद आने वाले परिणामों को देखते हुए ही इस व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा। देश में टीका लगाए जाने की व्यवस्था पर नजर रखने वाली कमेटी के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि कई बार ऐसा देखा गया है कि लोगों को दो अलग-अलग कंपनियों की वैक्सीन की डोज़ देने से उनके अंदर मजबूती और उनके अंदर बीमारी से लड़ने की क्षमता ज्यादा हो जाती है। क्योंकि हाल के दिनों में देश के अलग-अलग राज्यों में इस तरीके की घटनाएं सामने आई है।

एक अनोखा मंदिर, जो हर साल बताता है मौसम का हाल

भीतरगांव । इस बार बारिश कैसी होगी मौसम विभाग ही इसका आकलन करता है। लेकिन भीतरगांव के जगन्नाथ मंदिर ने संकेत दिया है कि इस बार मानसून कमजोर होगा। मानसून आने के कुछ दिन पहले मंदिर के गुंबद में जड़े पत्थर से बूंदें टपकती हैं। इनके आकार से पुजारी मानसून की भविष्यवाणी करते हैं। पुजारी पं. केपी शुक्ला ने कहा कि दो दिन से छोटी बूंदें टपक रही हैं। इस बार बारिश कम होगी।

सदियों से मानसून का संकेत

मानसून आने के 15-20 दिन पहले मंदिर के गुंबद से कुछ बूंदें टपकती हैं। पुजारी उनके आधार पर बताते हैं कि इस साल मानसून कैसा होगा। इस मान्यता को वैज्ञानिक आधार पर परखने के लिए देश-विदेश के वैज्ञानिकों की टीमें भी निरीक्षण कर चुकी हैं, पर बिना बारिश अंदर बूंदें टपकने का रहस्य अनसुलझा ही रहा। वैज्ञानिकों का कहना है कि मंदिर के डिजाइन की और गहन जांच की जरूरत है।



पुरातत्व विभाग के संरक्षण में मंदिर

भीतरगांव ब्लॉक के बेहटा बुजुर्ग गांव में स्थित यह मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। मंदिर के पुजारी केपी शुक्ला कहते हैं मंदिरकी सेवा करते मेरी सात पीढ़ियां गुजर गईं। दो दिन से मंदिर के गुंबद से पानी टपक रहा है। इस बार बूंदे छोटी हैं, यानी कमजोर बारिश होगी।

टाइगर स्टेट का रुतबा कायम रहेगा?

भोपाल। पिछले साढ़े चार महीने में देश में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 22 बाघों की मौत के बाद सवाल उठ रहा था कि प्रदेश टाइगर स्टेट का रुतबा कायम रख पाएगा? इसका भी जवाब प्रदेश के जंगलों ने दे दिया है। अकेले संरक्षित क्षेत्रों में 150 से ज्यादा बाघ शावक देखे गए हैं, इनकी उम्र एक साल से भी कम है। जबकि एक से दो साल के शावकों की संख्या 50 से ज्यादा बताई जा रही है। यदि एक साल से कम उम्र के शावक जीवित रहने में सफल रहते हैं, तो अगले साल होने वाले पांचवें राष्ट्रीय बाघ आकलन में प्रदेश में 700 के आसपास बाघ गिने जाएंगे। वर्ष 2018 में कराई गई गिनती में भी प्रदेश से ऐसा ही अप्रत्याशित आंकड़ा सामने आया था। तब 218 बाघ बढ़े थे।

एम्बुलेंस की चाबी सौंपते नीलेश अवस्थी

राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने कटंगी नगर पंचायत के लिए दी ऑटो एंबुलेंस

जबलपुर। राज्यसभा सांसद विवेक तंखा के द्वारा कटंगी नगर पंचायत के लिए ईऑटो रिक्शा एंबुलेंस प्रदान की गई पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी जी के प्रयासों से कटंगी एवं मझौली नगर पंचायत के लिए दो एंबुलेंस स्वीकृत की गई थी जिसमें आज एक ऑटो रिक्शा एंबुलेंस ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ बिश्नोई को चाबी सौंप कर प्रदान की गई । इसमें सांसद प्रतिनिधि एड सत्येंद्र ज्योतिषी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नेक नारायण ठाकुर देवेश चौरसिया बल्ला महाराज की उपस्थिति प्रमुख रूप से रही समस्त कटंगी वासी एवं क्षेत्र की जनता ने राज्यसभा सांसद विवेक तंखा का इस नेक कार्य के लिएआभार प्रकट किया।

मध्यप्रदेश के व्यापारियों का केन्द्र में प्रतिनिधित्व करूंगा: तोमर

व्यापारियों की पीडा एवं दर्द को संबंधित मंत्रालय तक आपके प्रतिनिधि के रूप में भेजूंगा

जबलपुर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित ''व्यापारियों की स्थिति एवं केन्द्र सरकार से उम्मीद'' विषय पर बोलते हुये केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि वर्ष 2020-21 संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। हमारा देश ही नहीं सारी दुनिया इस परेशानी को झेल रही है। पहला फेस और दूसरे फेस से जो त्रासदी हुई है वह बहुत ही भयानक थी और इस कठिन दौर में, मैं मध्यप्रदेश के व्यापारियों का प्रतिनिधि बनकर अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा और आपके जो भी सुझाव और केन्द्र सरकार से उम्मीद हैं, आज जितने भी व्यापारियों ने अपनी बात रखी है उसका लिखित में एक ड्राफट बनाकर दीजियेगा, मैं आपके प्रतिनिधि के रूप में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्रियों से चर्चा करूंगा और भेजूंगा। केन्दीय मंत्री श्री तोमर ने व्यापारियों द्वारा दिये गये सुझावों और उम्मीदों के संबंध में कहा कि जो हमारी राज्य सरकार से संबंधित हैं उन्हें राज्य सरकार तक पहुंचाऊंगा। जीएसटी अथवा बैंकिंग असुविधा जैसे विषय हम केन्दीय वित्तमंत्री जी को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने आपदा में अवसर ढूढने की बात करते हुये व्यापारियों से कहा क्योंकि खादय प्रसंस्करण मंत्रालय उनके पास है। मध्यप्रदेश में उसकी अपार संभावनाए हैं, सरकार की बहुत सारी योजनाऐं हैं जिनमें



सब्सिडी है और ऐसी योजनाओं का लाभ प्रदेश के व्यापारियों को उठाना चाहिये, उन्हें आगे आना चाहिये। मण्डी शुल्क के संबंध में उन्होंने कहा कि आज कई राज्यों में जीएसटी वेरियर समाप्त किये हैं इसी प्रकार एक राज्य से दूसरे राज्य जाते समय किसी व्यापारी का ट्रक नहीं रोका जायेगा। जो कानून बने थे दुर्भाग्य से उनका फायदा बामर्पथियों के आन्दोलन के कारण वे नहीं उठा पाये।

कॉन्फ्रेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने स्वागत भाषण रखते हुये कहा कि संक्रमण के दौर में

मध्यप्रदेश में फूड प्रोसेसिंग की अपार संभावना, व्यापारी आगे आये और उसका लाभ उठायें

सबसे ज्यादा परेशान व्यापारी है। हम बहुत सारी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और उसके बाबजूद राज्य और केन्द्र सरकार हमारी ओर गंभीरता से विचार नहीं कर रही है। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार शीघ्र ही कोई पेकेज घोषित करे ताकि व्यापारी इस पीडा से बाहर निकल सके। कैट के वर्चुअल जनसंवाद का *संचालन प्रदेश महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने किया, कोर्डिनेशन प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष मनोज चैरसिया ने निभाया जबकि आभार प्रदर्शन कैट मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष सन्देश जैन द्वारा किया गया।

*बर्चुअल सेमीनार में जबलपुर संभाग के अध्यक्ष जितेन्द्र पचौरी, जबलपुर अध्यक्ष दीपक सेठी, मालवा चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष अजीत सिंह नारंग, सेन्ट्रल जोन चेयरमैन रमेश गुप्ता इन्दौर, प्रदेश उपाध्यक्ष चम्बल संभाग प्रभारी डॉ.प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल संभाग प्रभारी सुनील जैन 501, महाकौशल चेम्बर आफ कामर्स जबलपुर अध्यक्ष रवि गुप्ता, रोटरी गुना अध्यक्ष सुरेश सिंह रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष शहडौल संभाग प्रभारी मनोज गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष ग्वालियर संभाग प्रभारी पवन जैन, मुकदस शेख, संजय अग्रवाल, सिवनी जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, ग्वालियर जिला अध्यक्ष रविगुप्ता, गिरजा गर्ग, बारा राजस्थान के मनोज गोयल, देवास से अर्पित अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार रखे।

कृषि उपज मंडी में एक जून से शुरू होगा अनाज व्यवसाय

जबलपुर। कृषि उपज मण्डी में कोविड-19 के प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देशों का पालन करते हुये मंगलवार एक जून से अनाज व्यवसाय शुरू किया जायेगा। यह निर्णय अनाज मण्डी के व्यापारियों और प्रतिनिधियों की बैठक में लिया गया। इसका सशर्त अनुमोदन कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने भी कर दिया है। इसके तहत कृषकों, व्यापारियों सहित अन्य लोगों को कोरोना गाइड लाइन का पालन करना होगा। इस संबंध में कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर के सचिव आर.के. सैयाम ने बताया कि सप्ताह के पांच दिनों सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को मूंग व उड़द तथा मंगलवार एवं गुरूवार को चना, मसूर, बटरी, अरहर एवं अन्य जिन्सों की नीलामी करायी जायेगी। जबकि गेहूँ की नीलामी का कार्य ट्रॉली में ही किया जायेगा। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये कृषि उपज मंडी में अपना कृषि उपज विक्रय हेतु ला सकते हैं। किसानों से अपील की गई है कि वे मंडी में मास्क लगाकर आयें और सोशल डिस्टेंसिंग का क?ाई से पालन सुनिश्चित करें। सावधानी व सतर्कता ही कोरोना के संक्रमण से बचने का उपाय हैं।

गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

जबलपुर,यशभारत। मौसम विभाग ने अगले जबलपुर संभाग के जिलों में गरज-चमक और तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना बताई है। मौसम विभाग के स्थानीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में दक्षिण-पूर्व मप्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है।

इस चक्रवात से लेकर तमिलनाड़ तक एक द्रोणिका लाइन बनी हुई है। उत्तर-पूर्वी उत्तरप्रदेश पर भी एक चक्रवात बना हुआ है। उस चक्रवात से भी एक द्रोणिका लाइन (ट्रफ) पूर्वी मप्र से होकर विदर्भ तक जा रही है। उधर अरब सागर से भी नमी आने का सिलसिला जारी है। इस वजह से जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। आज नौतपा का छठा दिन है पर तापमान 40 से नीचे ही बना हुआ है। आज भी इसके 38 से 39 डिसे के बीच ही रहने के आसार है। तापमान में भी धीरे धीरे बढ़ोतरी होती रहेगी। जून के प्रथम सप्ताह तक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को जबलपुर का अधिकतम तापमान38.6 डिग्रीसे. दर्ज किया गया। जो सामान्य से तीन डिसे कम रहा। न्यूनतम तापमान 27. 2 डिग्रीसे. रिकार्ड हुआ। यह सामान्य से एक डिग्री कम रहा। आज सुबह 8.30 बजे तापमान 31.4 डिसक था। सुबह की आद्रता 59 प्रतिसत रही। सुबह से ही बादल छाने लगे थे। इससे तापमान अपेक्षाकृत नहीं बढ़ सका।

नौतपा में ऐसा मौसम इसलिए

बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में सिस्टम सक्रिय हो रहे हैं। दोनों तरफ से नमी मिलने की वजह से बारिश अच्छी होने की संभावना है। नौतपा के बचे हुए दिन भी सुकून भरे रहेंगे। तापमान औसत या उससे कम ही रहेगा। जबलपुर में मौसम साफ है। धूप निकली। उमस से लोग परेशान हैंचक्रवाती तूफान ताऊ ते, यास और अब पांच पश्चिमी विक्षोभ की वजह से इस बार मई में पहले जैसी गर्मी नहीं पड़ी। क्योंकि मई की शुरुआत में ही पश्चिमी विक्षोभ के कारण बने सिस्टम्स की वजह से तापमान नहीं बढ़ा और न ही राजस्थान, गुजरात से गर्म हवा आई। तूफानों के कारण अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री से ज्यादा नहीं बढ़ा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार हवा का रुख अभी तक पूरी तरह पश्चिमी नहीं हो सका जिससे तीखी तपन नहीं हो सकी लेकिन अब कम तामपान में भी गर्मी अधिक फील की जा रही है। कूलर की हवा उतनी शीतल नहीं रही जितनी तीखी गर्मी में रहती है। मई के अभी तक बीते दिनों में अधिकतम तापमान अपेक्षा के अनुरूप ऊपर नहीं जा सका है। दोनों ही तापमान सामान्य से कम हैं लेकिन वातावरण गर्म है। अभी शहर के आसपास 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिमी हवाएँ चल रही हैं। आने वाले 24 घण्टों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

जबलपुर आईजी की दरियादिली

पुलिस कर्मियों को बांटे चने, बढ़ाया हौंसला

जबलपुर, यशभारत। कोरोना संक्रमण में कानून व्यवस्था संभाले हुए सड़कों पर तैनात पुलिस कर्मियों की कुशलक्षेम जानने के लिए आईजी भगवत सिंह चौहान ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के साथ विभिन्न चौराहों पर पहुंचकर पुलिस कर्मियों का हालचाल जाना। इस दौरान आईजी ने पुलिस कर्मियों को चने के पैकेट और पानी की बोतले बांटी। आईजी ने पुलिस कर्मियों से पूछा कि उनके घर में सभी स्वास्थ्य है कि नहीं है अगर किसी को कोई परेशानी हो तो खुलकर बताएं। आईजी ने कहा कोई भी परेशानी हो तो मुझे बताओ, किसी भी तरह से डरने की जरूरत नहीं। आईजी ने निर्देश दिए कि कोरोना गाइड लाइन का पालन कराने के लिए कड़ाई से काम किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

आईजी-एसपी ने संयुक्त रूप से भ्रमण करते हुये पेंटीनाका, गणेश चैक सदर, कटंगा क्रासिंग, बंदरिया तिराहा होते हुये रामपुर चैक, रामपुर चैक से वापस छोटीलाल फाटक, बस स्टैण्ड, मालवीय चैक बडी ओमती चैक होते हुये हाईकोर्ट चौक पर लगायी गयी व्यवस्था का जायजा लिया एवं उक्त चैकिंग प्वाईटों पर मौजूद अधिकारी/कर्मचारियों से चर्चा करते हुये उनके एवं उनके परिवार के स्वास्थ की जानकारी लेते हुये हौसला अफजाई किया। ड्यूटी के दौरान हमेशा डबल मास्क या पुलिस लाईन से प्रदाय एन-95 मास्क एवं फेस शील्ड लगायें तथा समय समय पर हाथों को सैनेटाईज करते रहें साथ ही द्वय अधिकारियों द्वारा चैकिंग प्वाइंट पर मौजूद अधिकारी/कर्मचारियों को तथा गुजर रहे राहगीरों एवं रिक्शा चालकों को ओ.आर.एस. का पैकिट, मास्क, सैनेटाईजर, तथा चना, गुड एवं पानी की बॉटल भी प्रदाय किये गये।

पुलिस के लिए प्रेरणादायक पल

आईजी भगवतसिंह चौहान ने बताया कि भ्रमण के दौरान उन्हें कुछ ऐसे अधिकारी कर्मचारी मिले जो विषम परिस्थिति में ड्यूटी कर रहे थे। यह पूरे पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायक पल है। मैं ऐसे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की प्रशंसा करता हूं और उन्हें जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

कोरोना टीकाकरण अभियान में पत्रकारों का अहम योगदान

जबलपुर। देवर्षि नारद जयंती के शुभ अवसर पर आज विश्व संवाद केंद्र जबलपुर, महाकोशल प्रांत ने प्रशासन के सहयोग से बेदी कम्यूनिटी हाल जबलपुर में पत्रकारों के लिए विशेष रूप से टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे ने कहा कि पत्रकार इस वैश्विक महामारी में निश्चित रूप से कोरोना योद्धा की भूमिका में अपना योगदान दे रहे हैं, उनकी रक्षा करना हम सबका परम् कर्तव्य है इसलिए आज केवल पत्रकारों के लिये विशेष रूप से यह टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित

विश्व संवाद केन्द्र में आयोजन।

है. आगे उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े अभियान कोरोना टीकाकरण के जनजागरण में पत्रकारों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है अत: मैं उनका हृदय से आभारी हूँ. इस वैश्विक महामारी में हमने अपने कुछ पत्रकार साथियों को भी खोया है, उनके प्रति मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ । उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को विनोद दिनेश्वर जी ने अधिक से अधिक संख्या में अपने इष्ट मित्रों साथ वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया, व युवाओं को सैनिटाइजर एवं मास्क का वितरण भी किया । टीकाकरण कार्यक्रम प्रभारी डॉ शत्रुघ्न दाहिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद कुमार, विश्व संवाद केंद्र के सचिव श्रीनिवास राव, विनय सोलंकीनितिन भाटिया, सतीश वर्मा, गोविंद विश्वकर्मा ,अभय पचौरी, सुरेंद्र सिंह बाबा भैया,किरण राजपूत, सनी बत्रा, मुक्ति चौक से, प्रिंसी बल्ला, करुणेश अरोरा, टोनी वर्मा,आदि का विशेष सहयोग रहा।

पीड़ित मानवता सेवा ही हमारा धर्म है :पं. संदेश महाराज

जबलपुर। महाकौशल रक्तदान सेवा जबलपुर द्वारा निरंतर जरूरतमंदों की पूर्ति कराई जा रही है इसी क्रम में आज यातायात थाने में पदस्थ सुरेंद्र अवस्थी जो कि ए पॉजिटिव है । उन्होंने अपना ब्लड डोनेट किया जिसमें पवन मिश्रा का भी विशेष योगदान रहा । हम सभी भाइयों एवं बहनों से अनुरोध करते हैं कि आगे आकर अधिक से अधिक रक्तदान करें जिससे हम जरूरतमंदों की पूर्ति कराने में आपकी अहम भूमिका हो जिससे हम पीड़ित मानवता की सेवा कर सके।

जरूरतमंदों को भोजन , राशन उपलब्ध कराया

जबलपुर। सत्यमेव जयते जागरुक संस्था के द्वारा जरूरतमंद तक भोजन और राशन उपलब्ध कराया गया है जोकि 45 दिन से लगातार भोजन एवं राशन जरूरतमंद लोगों और परिवारों तक पहुंचाया जा रहा है अभी तक हमारे टीम के द्वारा 180 राशन किट पहुंचाई गई है जरूरतमंद परिवारों को, और प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराया गया है। उन लोगों के लिए जिनका ना घर है ना खाने का कोई ठिकाना, और यह सब सत्यमेव जयत सभी सदस्य पूरी निष्ठा के साथ जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं जिनमें राघव नामदेव, अर्पित साहू, सराज नामदेव, सार्थक साहू, नामित साहू, पंकज मिश्रा,सभी पूरी मेहनत के साथ कार्य कर रहे है ।

नगर निगम के योजना का पोर्टल बंद होने की शिकायत

जबलपुर। भाजपा मुखर्जी मंडल के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन व शिकायत देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान जी के निर्देशानुशार हर गरीब वर्ग को 5 महीने का राशन मुफ्त दिया जाना था। पिछले कुछ दिनों से आस्थाई पात्रता पर्ची का ऑनलाइन निराकरण न होने की वजह से गरीब जनता के हित में निराकरण शिकायत की जा रही है ज्ञापन के दौरान कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों द्वारा जल्द निराकरण का अस्वाशन दिया गया। जिसमे भाजपा मुखर्जी मंडल अध्यक्ष योगेश लोखंडे ,एम.आई.सी. पार्षद रमेश प्रजापति ,अनुसूचित जाति मोर्चा नगर मंत्री दीपक नाहर ,व्यापारी प्रकोष्ठ नगर सहसंयोजक पुरषोतम गुप्ता ,मंडल उपाध्यक्ष जीवन राम दुबे,चेतन यादव ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन रजक उपस्थित रहे ।

अचानक निगम परिषद पहुंचे आयुक्त

दी दबिश, बाहरी तत्वों के प्रवेश पर लगाई रोक

जबलपुर। नगर निगम मुख्यालय परिसर में बाहरी एवं असामाजिक तत्वों के जमावड़े की सूचना मिलने पर निगमायुक्त संदीप जी आर ने गत दिवस देर रात अचानक नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। निगमायुक्त संदीप जी आर के आकस्मिक निरीक्षण से निगम परिसर में हड़कंप मच गया। निगमायुक्त ने इस अवसर पर वहां मौजूद बाहरी एवं असामाजिक तत्वों को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्हें परिसर से बाहर भगाया एवं उन्हें दोबारा अनाधिकृत रूप से निगम परिसर में प्रवेश करने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी। निगम मुख्यालय एवं आवासीय परिसर में असामाजिक तत्वों के जमे होने की सूचना पर पहुंचे निगमायुक्त संदीप जी आर ने वहां घूमते फिरते बाहरी लोगों को भगाने के साथ ही नगर निगम के चौकीदारों एवं सुरक्षा कर्मियों को भी कड़ी फटकार लगाई एवं उन्हें सख्त निर्देश दिए

निगम परिसर में औचक निरीक्षण करते संदीप जीआर

हैं कि शाम 5ः30 बजे के बाद कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति निगम मुख्यालय अथवा निगम के आवासीय परिसर में प्रवेश करता है तो इसकी जानकारी दर्ज की जाए। असामाजिक तत्व यदि वहां आते हैं तो उन्हें प्रवेश न करने दें। निगमायुक्त संदीप जीआर ने शाम 5ः30 बजे के बाद असामाजिक तत्वों एवं बाहरी तत्वों के निगम परिसर में प्रवेश पर रोक लगाते हुए कहा है कि भविष्य में यदि शाम के बाद बाहरी तत्व यदि निगम मुख्यालय परिसर अथवा आवासीय परिसरों में दिखते हैं तो चौकीदारों और सुरक्षाकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रात्रि कालीन निरीक्षण के अवसर पर निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने मुख्यालय परिसर के स्थित उद्यान को स्वच्छ और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता प्रकाश और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा है कि निगम मुख्यालय एवं आवासीय परिसर में व्यवस्थाएं सुधारने की दिशा में कार्य करें। निगमायुक्त श्री संदीप जी आर ने आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारियों को भी चेतावनी दी है कि यदि बाहरी तत्वों का अनावश्यक जमावड़ा लगाया गया तो निगम के आवासों से कर्मचारियों की बेदखली की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने परिसर और पार्क में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराए जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री महेश कुमार कोरी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भूपेंद्र सिंह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अनिल बारी, मलेरिया प्रभारी श्री संदीप पटेल श्री आलोक जोशी आदि उपस्थित थे।

सेवा ही संगठन को किया सार्थक

जबलपुर। मोदी सरकार 2 के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी चंद्रशेखर आजाद मंडल के अंतर्गत विगत 50 दिनों से निरंतर सरस्वती शिशु मंदिर त्रिमूर्तिनगर एवं विगत 30 दिनों से रियान इंटरनेशनल स्कूल शांति नगर में चलाए जा रहे वैक्सीनशन सेन्टर पर सांसद राकेश सिंह,पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन एवं मंडल अध्यक्ष अतुल जैन की गरिमामय उपस्थिति में मंडल में निवासरत सेवाभावी जनों के सहयोग से 20 हजार पीसीएम टेबलेट, 25 लीटर सैनिटाइजर, 200 मास्क एवं ग्लव्स जिला टीकाकरण

अधिकारी डॉ एस एस दाहिया को सौंपी । इस अवसर पर नगर एवं मंडल के पदाधिकारीगण, मातृशक्ति एवं समस्त कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित हुए।

रद्द ट्रेनों को दोबारा शुरू करने में लगेगा दो माह का वक्त

कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ते ही रद्द हो गई थी आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें

जबलपुर/कटनी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान रेलवे ने ट्रेनों का संचालन तो बंद नहीं किया लेकिन यात्रियों की कमी के चलते ट्रेनें रद्द कर दी। इस दौरान अकेले जबलपुर रेल मंडल से ही लगभग एक दर्जन ट्रेनें रद्द कर दी गईं। जिसमें कटनी होकर चलने वाली कई ट्रेनें शामिल है। ट्रेनें रद्द होने से न केवल भोपाल और इंदौर जाना मुश्किल हो रहा है बल्कि अन्य राज्यों से भी इस वक्त ट्रेन संपर्क टूट गया है। हालांकि पिछले एक सप्ताह में कोरोना संक्रमण के मामले कम होने के बाद ट्रेनों में एक बार फिर यात्रियों की मौजूदगी बढ़ी है। आरक्षण केंद्र से अच्छे संकेत मिलने के बाद रेलवे अब दोबारा रदद ट्रेनों को शुरू करने पर विचार कर रहा है लेकिन इसके लिए यात्रियों को कम से कम दो से तीन माह का इंतजार करना होगा।

शुरू करने पर विचार कर रहा है जो अति महत्वपूर्ण हैं।

कोरोना की रफ्तार कम होते ही बढ़ने लगे यात्री

कोरोना काल के दौरान जबलपुर से रवाना होकर कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारव व कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की संख्या 10 फीसदी तक आ गई थी। कई ट्रेनों में यात्री महज 10 से 20 ही होते थे लेकिन लौटने वालों की संख्या 30 से 40 प्रतिशत थी। मई के मध्य के दौरान इसमें भी कमी आई, जिसके बाद मंडल ने इन ट्रेनों को बंद कर दिया। हालांकि अब यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों का प्रतिशत 10 से बढ़कर 30 से 40 फीसदी हो रहा है। इस वजह से अब रेलवे ने ट्रेनों को दोबारा

लंबी प्रक्रिया के कारण लगेगा वक्त

दरअसल रेलवे से जुड़े जानकार बताते हैं कि जिन ट्रेनों को मई में रद्द किया गया है, उनमें से कुछ ट्रेनों को दोबारा शुरू किया जा सकता है लेकिन इसके लिए जबलपुर मंडल को पूरी प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें डेढ़ से दो माह का वक्त लग सकता है। पश्चिम मध्य रेलवे जोन से लेकर रेलवे बोर्ड तक से परमिशन लेनी होगी। इतना ही नहीं दो राज्यों और जोन को जोड़ने वाली ट्रेनों के लिए संबंधित राज्य और जोन से भी स्वीकृति लेना अनिवार्य होगी।

संचालन शुरू करने की प्रक्रिया पर एक नजर

यात्रियों की जरूरत को देखते हुए जबलपुर मंडल प्रस्ताव बनाएगा। प्रस्ताव को कमर्शियल विभाग पमरे जोन के कमर्शियल विभाग को देगा। जोन रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजेगा, उसमें सभी तथ्य देने होंगे। बोर्ड संबंधित राज्य और जोन से इसकी स्वीकृति मांगेगा। स्वीकृति मिलने के बाद कोरोना की गाइडलाइन का पालन करना होगा।

यह ट्रेनें चल रही रद्द

अमरावती एक्सप्रेस, जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर एक्सप्रेस, दयोदय एक्सप्रेस, ओवरनाइट एक्सप्रेस, भोपाल इंटरसिटी, रीवा इंटरसिटी, सिंगरौली इंटरसिटी, अंबिकापुर इंटरसिटी, मुंबई स्पेशल और पुणे स्पेशल।

डयूटी के साथ पीड़ित मानवता की सेवा

धनवंतरी नगर चौकी का स्टॉफ बांट रहा गरीबों को चावल

जबलपुर। कोरोना संक्रमण के कारण चल रहे लॉकडाउन के कारण जहां लोगों की रोजी रोटी छिप गई है वहीं कई परिवार दाने -दाने को मोहताज हैं। उनके सामने भुखमरी की नौबत आ गई। नगर के अनेक स्वंयसेवी संगठन गरीबों की सेवा में जुटे हैं। उनके घर घर अनाज पहुंचा रहे हैं। ऐसे सेवा कार्यों में पुलिस भी पीछे नहीं है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस भी दरिद्र नारायण की सेवा में जुटी है। ऐसी ही अनुकरणीय पहल धनवंतरीनगर पुलिस चौकी प्रभारी एस आई सत्यनारायण कुशवाहा व उनके स्टाफ के द्वारा की गई जिसमें सभी ने कलेक्शन इक्ट्ठा किया और चावल खरीद कर पैकेट बनाए और लालबाबा पगलापुर के करीब 175 परिवारों को उनके घर घर जाकर चांवल बांटे। पुलिस की इस पहल का चहुं ओर स्वागत किया जा रहा है। इस सेवाभावी काम में उप निरीक्षक सत्य नारायण कुशवाह,सहायक उप निरीक्षक तेजराम,सूर्य प्रसाद गौतम,प्रधान आरक्षक गोमती,जागेश्वर,आरक्षक राहुल कुमार,जितेंद्र,यशवंत कौरव,राजकुमार बघेल ,देवेन्द्र सिंह,बालकिशन तिवारी ने सहयोग दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डम में डिजिटल एक्सरे मशीन का लोकार्पण

जबलपुर। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद राकेश सिंह व क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नंदिनी मारवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डम में डिजिटल एक्सरे मशीन का लोकार्पण कर सेनेटाइजर, मास्क, ग्लब्ज, का वितरण क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर संभाग डॉ संजय मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया, एम ई आई ओ अजय कुरील, बीएमओ डॉ सोनू शर्मा ,कमलेश साहू, डॉ राजू साहू की उपस्थिति में किया गया ।

शालोम चर्च परिवार गरीबों को नि:शुल्क कच्चा राशन

जबलपुर। शालोम चर्च परिवार की ओर पुनः जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर नि:शुल्क कच्चा राशन वितरण किया गया। अध्यक्ष शान कुमार ने बताया कि शालोम चर्च लगातार निसहाय लोगों की सेवा कर रहा है और उन्होंने कहा इस महामारी के समय सेवा करना हमारा सौभग्य है। इस दौरान पास्टर जी. येसैया, पास्टर जी. स्टैनली सुकुमार, पा. पीटर जॉनसन , पा. जयंत, शान कुमार, एस यिर्मयाह, सेमसन जेकब ,राजा केवट, मेशक आदि लोग उपस्थित रहे।

मनाया गया सेवा संकल्प दिवस

जबलपुर । आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 7 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संभाग क्रमांक 6 राजीव गांधी वार्ड के दो स्कूलों रियान और सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में जनहित के अनेक आयोजन जबलपुर सांसद राकेश सिंह के मुख्यातिथ्य एवं वार्ड के पूर्व पार्षद और एम आई सी सदस्य श्री श्रीराम शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। जनहित के संबंध में आयोजित आयोजनों के संबंध में सांसद राकेश सिंह ने बताया कि आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल के गरिमामय 7 वर्ष पूर्ण हुए हैं।आज का दिन हम सबके लिए सेवा का संकल्प दिवस है। इसलिए आज के दिन हम रियान और सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आम नागरिकों की सेवा के लिए उपस्थित हुए हैं।इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने नि:शुल्क सेनेटाइजर, मास्क, ग्लव्स, ओरा लाइट ड्रिंक्स सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों को वितरण किया।

सेवा भारती एवं अनुराग सोनी द्वारा अनाज वितरण

जबलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती महाकोशल एवं ब्रिटिश स्कूल अनुराग सोनी के द्वारा आज लोगों में अनाज का वितरण किया गया ।इस कार्यक्रम में सेवा भारती महाकोशल प्रांत के प्रांत अध्यक्ष महेश सोनी एवं कैंट विधायक अशोक रोहाणी उपस्थित रहे । रोहाणी ने कहा कि कोरोना काल की इस महामारी में ऐसे बहुत सारे लोग है ,जिनके पास कोई कार्य नहीं है और पैसों का अभाव है इसके चलते उन्हें भोजन की दिक्क़त हो रही है ।इसको देखते हुए सेवा भारती महाकोशल प्रांत द्वारा गरीबों को दाल ,चावल ,आटा का वितरण किया गया ।अनुराग सोनी का कहना है कि जिन लोगों को अनाज की आवश्यकता है वह उनके घर तक अनाज पहुंचाएंगे। पूर्व में भी कंबल मास्क सैनीटॉइज़र ,स्टीमर भाप लेने वाली मशीन का वितरण गरीबों में किया गया था ।पिछले सप्ताह नि शुल्क एंबुलेंस की व्यवस्था भी कोरोना पीड़ितों के लिए की गई।अनुराग सोनी पूर्व में भी छात्रों को 38 लाख एवं 42 लाख की किताबें नि शुल्क दान कर चुके हैं।

पावरग्रिड कार्पोरेशन में वैक्सीनेशन कैंप

जबलपुर। कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने एवं जनमानस को सुरक्षित करने हेतु पावरग्रिड के वरिष्ठ महाप्रबंधक एम एस ठाकुर ने टीकाकरण विभाग के सहयोग से पावरग्रिड जबलपुर परिसर में टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर प्रातः 11 बजे शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें लगभग 140 से अधिक लोगों का सफल टीकाकरण हुआ। इस टीकाकरण में पधारे सभी व्यक्तियों को मास्क लगाने एवं सैनिटाइजेशन का पालन करने के लिए कड़ाई से निर्देश भी दिए गए। यह वैक्सीनेशन का कार्य प्रातः 11.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक चला। टीकाकरण के दौरान किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा। शिविर का उद्देश्य यह रहा कि सभी टीकाकरण के प्रति जागरूक हों तथा जल्द से जल्द प्रत्येक व्यक्ति कोरोना से बचने हेतु टीका लगवाये। शिविर में मुख्य रूप से पावरग्रिड के वरिष्ठ महाप्रबंधक एम एस ठाकुर, महाप्रबंधक आनंद दुबे, मानव संसाधन विभाग के अतुल अग्रवाल, गुलाब सिंग नयन, संदीप त्रिपाठी सुनील मालवी आदि का विशेष योगदान उपस्थित रहा।

देवर्षि नारद जयंती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आयोजन

नलिनकांत व गंगा चरण , उमेश सम्मानित

जबलपुर। सृष्टि के आदि पत्रकार देवर्षि नारद जी जिन्हें देवलोक से लेकर धरती पर सूचनाएं आदान प्रदान करने के लिए जाना जाता हैं कि जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कृषि नगर के द्वारा नगर के पत्रकार बंधुओं का सम्मान करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया । विदित हो प्रतिवर्ष नारद जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे भारतवर्ष में एक साथ पत्रकारों का सम्मान करने की परंपरा का वाहक है । इसी क्रम में कृषि नगर में देवर्षि नारद जयंती के शुभ अवसर पर *श्रीमान नलिन कांत जी बाजपेई प्रदेश संयोजक श्रमजीवी पत्रकार परिषद म. प्र. श्रीमान गंगा चरण जी मिश्र संपादक भास्कर टी.वी. प्रदेश महासचिव,श्रीमान उमेश जी शुक्ला

संपादक क्राइम भास्कर भास्कर न्यूज़ संभागीय सचिव जबलपुर संभाग के सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कर श्रीफल व पुष्पहार अर्पित कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कृषि नगर के नगर कार्यवाह विजय कुमार पाण्डेय ,नगर प्रचार प्रमुख प्रहलाद पाण्डेय एवं संतोष द्विवेदी सह नगर कार्यवाह, विनायक मिश्रा सेवा प्रमुख , विश्व हिंदू परिषद के सुभाष तिवारी विभाग धर्म प्रसार प्रमुख आदि के साथ अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे ।

90 व्यक्तियों ने लगवाया कोरोना के टीका

जबलपुर। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आज नर्मदा सेलिब्रेशन जयप्रकाश नगर अधारताल में कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर का जिला रेडक्रास सोसाइटी के सचिव आशीष दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । सुबह 11 बजे से आयोजित इस शिविर में लगभग 90 लोगों को कोरोना की वेक्सीन लगाई गई । शिविर में टीका लगवाने आये सभी व्यक्तियों को मास्क लगाने, फिंजिकल डिस्टेंसिंग बनाये रखने एवं हाथों को बार-बार सेनिटाइज करने की सलाह भी दी गई।

कलाकारों को राशन किट

जबलपुर। पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया द्वारा एवं दीपक चौकसे के माध्यम से जबलपुर के कलाकारों को राशन किट प्रदान की गई ।युवा कलाकार संघ के द्वारा जबलपुर के 35 कलाकारों को राशन किट का वितरण किया गया ।युवा कलाकार संघ से सीमांत सिंह सोलंकी ,अनिल श्रीवास ,अखिलेश कुमार,पारस, विपिन अन्य सदस्य और सभी कलाकार लखन घनघोरिया एवं दीपक चौकसे जी का तहे दिल से धन्यवाद दिया गया।

गांव-गांव लोगों को जागरूक कर रहा है जन अभियान

उमरिया कुडारी । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य कोरोना वॉलिंटियर के रूप में गांव गांव जाकर सभी लोगों को जागरूक कर रहे हैं हमारे देश में इस आपदा प्राकृतिक महामारी करोना से बचना है तो 2 गज की दूरी मार्क्स है जरूरी अतः ज्यादा जरूरी कार्य हो तभी घर से बाहर निकले और मार्क्स लगाना एवं ह्यइ्द्वह्वद्ब5द्गह्न करना ना भूले दिन में कई बार साबुन से हाथ धोले अतः भीड़ से बचें एवं है इस दौरान जो बगैर मार्क्स दिखा उसे मार्क्स भी वितरण कराया ग्राम विकास एवं ग्राम रक्षा समिति अध्यक्ष नंदकुमार शुक्ला ने बतलाया यह संस्था योजना माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर कमलों से बनाई गई है जिसमें संभाग के सामान्यव अधिकारी भीम सिंह डामोर जिला सामान्यवाक्य प्रदीप तिवारी ब्लॉक समन्वयक सोनिया सिंह जो समय-समय पर दिशा निर्देश एवं सहयोग करते रहते हैं सदस्यों में दयाशंकर उपाध्याय अंकित शुक्ला शुभम तिवारी आलोक शुक्ला विनम्र उपाध्याय आनंद शुक्ला नितेश उपाध्याय केशव कुशवाहा रजनीश सुरेंद्र दीपक मोनू आदि का सहयोग रहा।

पीड़ित जरूरतमंद लोगों की मदद का प्रयास

लोक और लोकसेवक सहकार रूप में

जबलपुर यशभारत ।कोरोना महामारी की विपदा और कठिन समय में प्रशासन अपनी ओर से भरसक कोशिश तो कर रहा है और इसमें संस्थाओं और जनसहयोग मिलता है तो अनूठा तालमेल देखने को मिलता है। इसी श्रंखला में जबलपुर प्रशासन से असिस्टेंट कमिश्नर एकता अग्रवाल ने सक्रिय सामाजिक संस्था केअर फॉर यू को न सिर्फ ऑक्सीजन अपितु दवाईयां भोजन आदि पहुंचाने की जिम्मेदारी दी जिसमें केयर फार यू संस्था ने भरपूर सहयोग दिया। संस्था ने उनके मार्गदर्शन में समाज सेवा के नए आयाम स्थापित किये हैं।इसमें रेडक्रॉस सचिव आशीष दीक्षित ने भी आशीष व्यास और उनकी पूरी टीम को निर्देशन और सहयोग में कमी नही की। जिससे इस कठिन समय में अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों तक मदद पहुंचना सम्भव हो सका। संस्था कोरोना पीड़ितों को खून , प्लाजमा तथा गम्भीर मरीजों को हॉस्पिटल में भर्ती करने, जरूरतमन्द कोविड मरीजों को एवं उनके परिजनों को भोजन पहुंचाने जैसी सेवाएं भी कर सके ।प्रशासन के ऐसे सक्रिय और सहृदय अधिकारी अनंत साधुवाद के पात्र हैं जो सही मायनों में लोक सेवक होने का दायित्व निभा रहे हैं।

कोरोना से बचाव और वैक्सीन लगवाने के लिये जागरूकता अभियान

जबलपुर। आज राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला संयोजक पं विवेक अवस्थी के नेतृत्व में गुप्तेश्वर वार्ड, गिरिराज किशोर वार्ड के अंतर्गत कोरोना से बचाव और वैक्सीन लगवाने के लिये जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अवसर पर वरुण शर्मा, मदन ठाकुर,जय दुबे,राहुल तिवारी, दीपू पटेल और साथी उपस्थित थे

प्रदेश के लाखों संविदा कर्मियों के साथ घोर अन्याय-आखिर कब तक

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश में लाखों संविदा कर्मचारी विभिन्न विभागों में अपनी सेवा 20 वर्षो से संविदा नियुक्ति पर देते आ रहे हैं परंतु उन्हे आज दिनांक तक नियमित नहीं किया गया। साथ ही ये संविदा कर्मी सभी विभागों में नियमित कर्मचारियों के समान ही कार्य करते है परंतु वेतन उन्हे समान कार्य समान वेतन के अनुसार या अनुरूप नहीं मिलता जबकि ये संविदा कर्मी अपनी पूरी लगन और मेंहनत से ईमानदारी से अपने कार्यों का निरवहन करते है परंतु उन्हे वे सभी वित्तीय लाभ नहीं मिलते जो नियमित कर्मचारियों को मिलते हैं। शासन-प्रशासन के द्वारा उन्हे समय-समय पर आश्वासन तो मिलता रहा है कि उन्हे अति शीघ्र नियमित किया जाएगा परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार का आदेष जारी नहीं हुआ। जिससे वे मानसिक रूप से हताष, परेषान और हलाकान हैं कि आखिर विभागों के द्वारा पूरा कार्य उनसे लिया जाता है या यूं कहें कि कई विभागों के कार्य संविदा कर्मचारियों पर ही निर्भर करते हैं परंतु उन्हे वे लाभ नहीं मिलते जो नियमित कर्मचारियों को मिलते हैं, अतः इन्हे नियमित किया जाना चाहिए। संघ ने बताया कि अभी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत ये संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर 24 मई से अनिष्चित कालीन हड़ताल पर अपनी मांगो को लेकर हैं जिससे स्वास्थ्य विभाग के कार्य ठप पड़ गये है कोरोना से संबधित टेस्टिंग का कार्य भी धीमी गती से चल रहा है ऐसे में स्वास्थ से संबधित सभी सेवाएं चरमरा गयी है। सबसे बड़ा कारण इन कर्मचारियों द्वारा बीते 20 वर्षों से सभी विभागों में अपनी सेवा देते आने के बावजूद भी उन्हे नियमित नहीं किया जाना है जिस वजह से वे हताष हैं यही वजह है कि उनमें रोष व्याप्त है।

वरिष्ठ पत्रकार संजय सोनी के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे वन मंत्री

जबलपुर। वन मंत्री कुंवर विजय शाह आज जबलपुर स्थित भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार संजय सोनी के निवास पर पूज्य श्रद्धेय बाबूजी श्री माधव प्रसाद जी सोनी के गत दिवस हुए दुखद निधन पर परिजनों को शोक संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे,,उन्होंने बाबूजी को श्रद्धा सुमन और माता श्री का आशीर्वाद लिया,,श्री शाह ने स्वर्गीय सोनी को अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना की एवं परिजनों को स्वास्थ्य की कामना की।

थक रहे मन को संभालने का जतन जरूरी

इस विपत्ति काल में सकारात्मक व्यवहार, उम्मीद भरा रास्ता ही जीवन सहेजने और ठहराव में भी स्वस्थ रहने का सार्थक मार्ग बन सकता है। याद रहे कि बेहतरी की उम्मीद हमेशा कायम रहती है। तकलीफदेह समय में एक-दूसरे का साथ देने और संकट से निकलने का साहस सदा ही सहयोगी बनता है। यही वजह है कि ठहराव के इन बदले हालात में भी सकारात्मक रहते हुए अच्छे समय का इंतजार करने की सोच ही सहायक बनेगी।यह सच है कि सोशल मीडिया पर हर पल साझा की जा रही चिंतनीय और पी?दायी ?बरों के साथ ही असल दुनिया में भी मायूसी का आलम है। हर चेहरे पर फिक्र भरी उदासी छायी है। आने वाले कल की चिंता हर मन को घेरे है। चाहते हुए भी अपनों की मदद न कर पाने का दु:ख हर पी?ा से ब?कर है। पर यह भी है कि इन स्याह दिनों में प्रकाश की किरण भी हमारे ही मन से फूट सकती है। जब रास्ता गुम है, उम्मीद की पगडंडी भी हम खुद ही तलाश सकते हैं। इसीलिए यह पूरी ऊर्जा जुटाकर ख? होने का समय है। मन के हर कोने को जिजीविषा से पूरित रखने का दौर है। स्पर्श के बिना भी मजबूती से हाथ लेने का वक्त है। हर मोर्चे पर डट जाने और जिंदगी के हर पहलू को सहेजने की खास कोशिशें करने का वक्त है। विशेषकर थक रहे मन को संभालने का जतन बेहद जरूरी है।

इस थकान को समझिये- महामारी से उपजी यह थकान 'पेंडेमिक फटीग' है। तन-मन को थकाने वाली यह स्थिति तब आती है, जब लोग महामारी से बचाव के उपायों को अपनाते हुए थक जाते हैं। किसी आपदा का सामना करते-करते इंसान का मन और शरीर दोनों ऊब जाते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सहेजने के सार्वजनिक नियम कायदों का पालन करने की संभावना कम हो जाती है। 'बर्नआउट' की ऐसी स्थिति तब बहुत ज्यादा तकलीफदेह हो जाती है, जब जनता को लंबे समय तक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को अपनाना प?ता है। कोरोना की दूसरी लहर में ब? रहे आंक?ों के बीच सख्ती के बावजूद नियमों का पालन न करने की शिकायतें भी आ रही हैं। ऐसे में बीते एक साल में उपजी शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक थकान के पहलुओं को भी समझना जरूरी है। यह थकान बीते एक वर्ष में अचानक भय, भ्रम और हर पल की सतर्कता आमजन के हिस्से आने के चलते पैदा हुई है। दरअसल, मौजूदा हालात में पेंडेमिक फटीग को समझना इसलिए भी जरूरी है कि कोरोना संक्रमण से ल?ई अभी जारी है। संकट अभी टला नहीं है। इस समय आम लोगों को अपनी पूरी ऊर्जा जुटाकर दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। थकते ऊबते दौर में भी कोई कोताही न करने की ठान लेना जरूरी है। इस वैश्विक संकट की मुसीबत से पार पाने तक इस थकान को मन की ऊर्जा से हराना आवश्यक है।

सही दिशा में लगायें ऊर्जा

कोरोना के नये स्ट्रेन से भयावह होते हालात के बीच महामारी से उपजी थकान हर किसी के लिए अलग तरह का अनुभव साथ ला रही है। उम्र, लिंग और यहां तक कि जिम्मेदारियों के मुताबिक भी यह थकान लोगों पर अलग-अलग असर डाल रही है। लेकिन बेचैनी, चिड़चिड़ापन, निराशाजनक सोच और काम पर ध्यान न दे पाने जैसी कठिनाइयां तो सभी के हिस्से हैं। युवा और बच्चे इस समय अपने दोस्तों, सहपाठियों और हमउम्र साथियों से दूर होकर अकेलेपन का अहसास कर रहे हैं, तो वरिष्ठजन अपने सामाजिक जु?ाव की कमी और मेल-मिलाप की दूरी से अवसाद और व्यग्रता के शिकार हो रहे हैं। ऐसे हालात बच्चों और ब?ों दोनों के मन को थकाने वाले हैं। इस तकलीफदेह दौर में आर्थिक मोर्चे पर डटे कामकाजी महिला-पुरुष अपनी नौकरी को लेकर एक अनिश्चितता और फिक्र की उलझन में थक रहे हैं, तो गृहिणियों की हद दर्जे तक ब?ी व्यस्तता उनके मन को थका रही है। ऐसे में इस आपदाकाल में हर किसी के लिए यह समझना जरूरी है कि पेंडेमिक फटीग किस तरह से प्रभावित कर रही है। इसके बाद हालात को समझकर ऐसी राहें तलाशें जो इस ठहरे हुए समय में भी मन-जीवन को गतिमान रख सकें।

जूझ रही है पूरी दुनिया

पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोप क्षेत्रीय निदेशक ने यूरोपीय देशों को महामारी थकान के बारे में चेतावनी दी थी। उस समय कुछ मामलों में इसके 60 प्रतिशत से अधिक तक पहुंचने का अनुमान जताया था। उनके मुताबिक थकान को विभिन्न तरीकों से मापा जाता है और स्तर प्रति देश में भिन्न होता है। पेंडेमिक फटीग से जु? एक सर्वे में कनाडा के 31 प्रतिशत लोगों ने माना कि वे कोरोना वायरस और लॉकडाउन से थक गए हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने खुद को घबराहट का शिकार बताया था। विचारणीय है कि इस थकावट के चलते ही पूरी दुनिया में लॉकडाउन हटने के बाद लोग बड़ी संख्या में बाहर निकलने लगे थे। भारत में यही हुआ है। इसीलिए अब दूसरी लहर में इस गलती से सबक लेकर, संक्रमण से ज्यादा सतर्कता से जूझना होगा। हमारे सामाजिक-पारिवारिक ढांचे में कोरोना की पहली लहर में आमजन ने बहुत कुछ अपनों के सहयोग साथ से झेल लिया था पर अब फिर से लौट आये संक्रमण के हालात मन में ऊब पैदा कर रहे हैं। हालांकि यही समय है, जब जन-सामान्य को हौसला रखने और नियमों के पालन में कोताही न करने का जज्बा भी दिखाना है।

कायम रहे बेहतरी की उम्मीद

बीते साल कोरोना से जूझते हुए सोशल आइसोलेशन के चलते सभी ने कुछ हद तक भटकाव, अलगाव और अनिश्चितता का अनुभव किया है। कई लोग संक्रमण पर जीत हासिल करने के बाद भी समस्याओं का शिकार हुए, तो कई परिवारों ने अपने करीबियों को खो दिया है। साथ ही पढ़ाई, रोजगार और आम दिनचर्या में आये बदलावों ने हमें बहुत सी चीजों से दूर कर दिया है। जिंदगी जीने का रंग ढंग बहुत बदल गया है। यह सही है इन दिनों जिंदगी से बहुत कुछ छूट रहा है, लेकिन यह बात कहीं ज्यादा सही है कि जिंदगी सहेज ली तो फिर कुछ नहीं छूटा। फिलहाल कुछ छूटने की चिंता नहीं बल्कि जीवन सहेजने के आश्वासन को मन में जगह देना जरूरी है। ऐसा पहली बार हुआ है जब दुनिया भर के लोगों ने असहायता और चिंता की ऐसी परेशानी को झेला है। पहली बार ऐसी विरोधाभासी स्थिति को जिया है, जब करने को कुछ नहीं पर ऊर्जा भी रीत रही है। जिंदगी ठहर गई है पर जिम्मेदारियों की भागमभाग भी कायम है। आपसी मेलजोल बंद है पर साथ देने और साथ बने रहने की दरकार भी कम नहीं। इस एक साल में हर उम्र के लोगों की गतिविधियां रुक सी गई हैं। ऐसे में समझना मुश्किल नहीं कि जिंदगी जिस सहज गति से चल रही थी, उसमें आई रुकावट तो थकावट लाएगी ही।इन संकटकालीन परिस्थितियों को अच्छे से समझ कर तन-मन को घेर रही थकान से बचने की राह निकालनी होगी।

मोनिका शर्मा

मर्यादित रहना ही सबसे बड़ी तपस्या

सनातन परंपरा में चार पुरुषार्थों को जीवन-कर्तव्य के रूप में माना गया है। ये पुरुषार्थ हैं- धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। इन चार पुरुषार्थों को अपना जीवन-कर्तव्य मानकर हर स्थितियों में जो पूरा करता जाता है, उसके लौकिक और पारलौकिक दोनों तरह के उद्देश्य पूरे होते हैं। इन चार पुरुषार्थों में मोक्ष अंतिम है, जो लौकिक जीवन में किए गए कर्मों के आधार पर प्राप्त होता है। धर्म और अर्थ सांसारिक जीवन को पूर्णता प्रदान करते हैं, काम और मोक्ष पारलौकिक जीवन को। अर्थ की कामना और इससे मिलने वाले सुख, इसी तरह मोक्ष की कामना से मिलने वाले सुख या आनंद के संबंध में कोई नियम निर्धारित नहीं है। लेकिन, इतना है कि सत्य, शुभ, शांति, प्रेम और न्याय से युक्त कर्म करने वाला व्यक्ति जब योग साधना की ओर उन्मुख होता है, तो उसका ध्यान बहुत जल्द लग जाता है। वह स्वयं में पल भर में डूब जाता है। यह सांसारिक आनंद नहीं है। सांसारिक संसाधनों से ऐसे आनंद की प्राप्ति नहीं हो सकती।

विचारणीय बात यह है कि सांसारिक संसाधनों से मिलने वाले सुख या आनंद में ऊब लगती है, जैसे रसगुल्ले या कोई भी मनपसंद मिठाई ब?ी मात्रा में खा तो सकते हैं, लेकिन रो?ाना नहीं। एक समय ऐसा आता है कि उसे खाने की इच्छा एकदम खत्म हो जाती है। यानी रसगुल्ले का आनंद कुछ ही दिन लिया जा सकता है, लेकिन योग साधना में मिलने वाला आनंद रात-दिन और जब तक जीवन है, तब तक बिना उकताहट के लिया जा सकता है। इसका आनंद दिनोदिन ब?ता जाता है, जबकि सांसारिक सुख उकताहट और बेचैनी पैदा करते हैं। इसमें ऊर्जा का क्षय होता है, जबकि पारलौकिक आनंद में आत्मा और प्राणों में ऊर्जा संगृहीत होती रहती है। यही संगृहीत ऊर्जा साधक को समाधि की ओर ले जाती है। और समाधि में परमेश्वर के साक्षात्कार का आनंद प्रत्येक तरह के आनंद से ब?कर है।

आजकल कुछ ही समय में ईश्वर के साक्षात्कार की बातें खूब की जाती हैं। ये महज बातें ही हैं। तामसिक और राजसिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को ईश्वर में ध्यान या आत्मसाधना में प्रवृत्ति हो ही नहीं सकती। आयुर्वेद के अनुसार ये दोनों गुण (राजसिक व तामसिक) मन की अतिशय चंचलता को ब?ाते रहते हैं। योगसाधना के लिए तो सात्विक प्रवृत्ति का होना अति आवश्यक है। यह बात अलग है कि राजसिक कर्म करते हुए भी सुख का अहसास किया जा सकता है और तामसिक प्रवृत्ति का व्यक्ति भी अपने कार्य में सुख का अहसास कर सकता है, लेकिन मोक्ष या परमानंद के लिए सात्विकता का होना आवश्यक है।

धैर्य, प्रेम, त्याग और क्षमा

आनंद या सुख का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता, लेकिन लक्षणों के आधार पर यह जरूर समझा जा सकता है कि व्यक्ति वास्तव में सुखी है या नहीं। जैसे सांसारिक कार्यों को सात्विकता और सर्वहित की भावना से करने पर व्यक्ति का मुखमंडल शांति और कांति युक्त हो जाता है। धैर्य, प्रेम, त्याग और क्षमा उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाते हैं। भगवान राम का जीवन ऐसा ही था। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- श्रीराम अत्यंत शांत स्वभाव के, धैर्यवान, सबसे प्रेम करने वाले, क्षमावान, दयालु और सहिष्णु हैं। वे सांसारिक जीवन में रहते हुए भी मर्यादित हैं। गौरतलब है कि लौकिक जीवन में मर्यादित रहना किसी तपस्या से कम नहीं है, क्योंकि यहां परीक्षा हर पल होती है। धन-सम्पत्ति अर्जन के लिए झूठ, फरेब, छल-छद्म और विश्वासघात करने के लिए मन बार-बार उकसाता है। ऐसे में जन जीवन-नियम के अनुसार मर्यादित रहना एक तपस्या है। इस तपस्या में श्री राम एक बार भी उनुत्तीर्ण नहीं हुए। ऐसे लौकिक जीवन में जो सुख है, वह सुख ही सच्चे मायने में जीवन-सुख है। इस सुख में विस्तार और संतोष है। संतोष को शास्त्र में 'परम-सुख' कहा गया है। राम इसीलिए सुखी हैं। श्री कृष्ण इसीलिए सुखी हैं। वे सांसारिक सुख में लिप्त नहीं होते। उनके लिए धन-सम्पति जीवन निर्वाह के साधन हैं, साध्य नहीं हैं। आम आदमी और प्रज्ञा पुरुषों में यही अंतर है। सामान्य व्यक्ति के लिए सांसारिक संसाधन साध्य हैं। वह अपने साध्य के लिए कुछ भी करने में हिचकिचाता नहीं। बार-बार जीवन-नियम को तो?ता है।

द्वंद्व से छूटना प्रथम सोपान

वेद में कहा गया है-'ऋते ज्ञानान्न मुक्ति' यानी ज्ञानपूर्वक कर्म करने में ही मुक्ति व आनंद है। जब ज्ञानपूर्वक हम कर्म करते हैं तो 'किंतु-परंतु' 'लाभ-हानि' 'अपना-पराया' 'झूठ-सच' जैसे द्वंद्वों से ऊपर उठे हुए होते हैं। गीता में कहा गया है... द्वंद्व से छूटना साधना का प्रथम सोपान है। जब हम द्वंद्व से छूट जाते हैं, तब हम स्वयं को देखने और समझने लगते हैं। जब तक हम द्वंद्व में रहते हैं तब तक दूसरों को देखने और समझने में ही अपना कीमती वक्त लगाते रहते हैं। इसलिए जीवन का आनंद खुद से दूर रहता है। द्वंद्व से छूटने का मतलब जीवन में पवित्रता, शांति, प्रेम, क्षमा और सहिष्णुता का प्रवेश हो गया है। तब हम अपने स्वयं के श्रोता और प्रवचनकर्ता स्वयं होते हैं। हमारे अंदर जो होता है, वही बाहर भी होता है। भगवान राम, कृष्ण हमारे लिए पूज्य इसीलिए हैं कि उनके अंदर और बाहर में कोई अंतर नहीं है। यदि हम भी इस अंतर को समाप्त कर पाएं, तो सांसारिक सुख से आगे का हमारा सफर निष्कंटक बन सकता है।

अखिलेश आर्येन्दु

आप का राशिफल 31 मई

मेष
चू चे चो ला ली लू ले लो आ

अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष
इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन
का की कू घ ङ छ के को हा

कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क
ही हू हे हो डा डी डू डे डो

परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह
मा मी मू मे मो टा टी टू टे

व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या
टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला
रा री रु रे रो ता ती तू ते

आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक
तो ना नी नू ने नो य यी यू

व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु
ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

मकर
भे जा जी खी खू खे खो गा गी

मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

कुंभ
गू गे गो सा सी सू से सो दा

शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन
दी दू थ ज्ञ ञ दे दो चा ची

आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

फिल्म वर्ग पहेली- 5450



ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशीं' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 5449

वि	वा	ह	■	इ	श्क	वि	श्क	■	ट्या
द्या	■	मे	■	श्क	■	धा	■	फ	जं
बा	द	शा	ह	■	शै	ता	न	■	न
ल	■	■	सी	मा	■	■	का	ल	■
न	ज	र	ना	■	श	बा	ब	■	सं
■	मी	ना	■	ना	र	ज	■	दा	ता
आ	न	■	का	■	बी	■	ना	दा	न
शि	■	जो	शी	ले	■	फि	जा	■	■
क	शि	श	■	कि	ला	■	य	हू	दी
■	वा	■	डों	न	■	आ	ज	■	पा

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

सम्यक जीवन पथ का सुगम मार्ग

'मुझे क्या बात किसको और कब कहनी है, यह मुझे किसी से सीखने की जरूरत नहीं। और मुझे पता है कि अपना काम कैसे करना हैज, मैं जो कदम उठा रहा हूं, उसके सही होने का मुझे अंदाजा है।' बिना किसी प्रामाणिक परीक्षण के 21वीं सदी में इतना अतिविश्वास अधिकांश लोगों में मिलेगा ही। इस सदी में यही सिखाया गया कि मनुष्य जितना आत्मविश्वास बड़ा सके, उतना कम।

इतना आत्मविश्वास कि वो ख्याल ही न करे कि उसके करे-धरे में कहीं कोई खोट है। लेकिन यह भरोसे की अति है। यह 'भ्रम भरा' भरोसा है। वो इसलिए कि भ्रम-भरे भरोसे के कारण इन्सान अतिरेक पर जाकर अपना और पूरी मनुष्यता का अहित करता चला जाता है और भ्रम-मति उसे अहसास नहीं होने देती। इस उदाहरण से हम समझ सकते हैं- आज सोशल मीडिया पर अधिकांश लोग एक-दूसरे को नीचा दिखा रहे हैं, लेकिन अपने कहे-सुने के प्रति पूरे आश्वस्त हैं। विचार के नाम पर विष वमन को सही ठहराते हैं। प्रकृति पर अति का अनाचार करके मनुष्य को भान न हुआ कि रुकना कहां है? विज्ञान के बूते अपनी सारी समस्या हल करने की डींग हांकते मनुष्य को बरसों पहले रामधारी सिंह दिनकर ने कहा था ज'हो चुका है सिद्ध तू (मनुष्य) शिशु अभी अज्ञान, फूल कांटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।' लेकिन लोग अहसास न कर पाए। अब ऐसे में क्या किया जाए? पूरी मनुष्यता का दृष्टिबोध बदलने के लिए क्या कोई बहुत बड़े इंतजाम करने होंगे। करना ही कुछ नहीं है। सिर्फ महात्मा बुद्ध का दिया एक शब्द अच्छे से पकड़ना है। वह शब्द है 'सम्यक' व इसका विशेषण रूप 'सम्यकता'। 'सम्यक' का अंग्रेजी में अनुवाद बनता है 'एप्रोप्रिएटनेस'। यानी किसी चीज की अति पर न जाओ, किसी एक तरफ अधिक न झुक जाओ। मध्यम मार्ग में आ जाओ। यानी मन में विचार धारण करने, फिर उसे कथन के रूप में कहने और कथन अनुसार अपने एक्शन में अति न लेकर आओ।बुद्ध के इस अद्भुत वाक्य को ओशो कुछ यूं स्पष्ट करते हैं- 'बुद्ध तो बिना सम्यक लगाए कोई शब्द बोलते ही नहीं। सम्यक का अर्थ है न इस तरफ झुकें, न उस तरफ झुकें। बस 'सम' हो जाओ। और बीच का कांटा नब्बे का कोण बना हुआ। बुद्ध तो विवेक के साथ भी सम्यक लगाते हैं... सम्यक विवेक। क्योंकि विवेक भी इधर-उधर ज्यादा झुक जाए, तो मुसीबत में डाल सकता है। सम्यक व्यायाम कहते हैं... यानी इतना भी न कर लेना कि शरीर को राहत की जगह दंड दे बैठो।' इसी को बुद्ध का मध्यम मार्ग कहा गया।सम्यकत्व के विचार को बुद्ध ने कसकदार तरीके से बांधा ताकि लोग उसके मनमाफिक अर्थ न निकालें। उन्होंने कहा... सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाक, सम्यक कर्मांत, सम्यक आजीव, सम्यक व्यायाम, सम्यक स्मृति, सम्यक समाधि। इस तरह उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि अपनी दृष्टि यानी चीजों को देखने, उन्हें वाणी से प्रकट करने में और अपने संकल्प से लेकर अपनी आजीविका कमाने और यहां तक कि समाधि जैसे विषय में भी सम्यक हो जाओ। इन्सान जिस क्वालिटी लाइफ की बात करता है, उसका ये सम्यक मार्ग है।रुचिकर पहलू यह है कि तपस्या की अति पर जाकर शरीर को सुखा बैठे बुद्ध को सम्यकता का सिद्धान्त, एक महिला ने यह कहते हुए दिया था... महात्मन वीणा के तार बहुत ज्यादा कस दिए जाएं या बहुत ज्यादा ढीले छोड़ दिए जाएं, तो दोनों अतियों में सही स्वर न निकलेंगे। यहीं से बुद्ध ने अति को छोड़ा, सम्यकता अपनाई और जनमानस को उसकी शिक्षा दी। बुद्ध ने अकाट्य सत्य खोजने के बाद भी यही कहा... कि मेरे वचन को यूं न मानो कि तुम मुझे बड़ा संत पुरुष मानते हो। बल्कि मेरे कथन को पूरा परखो। बुद्ध के इस विचार पर उनके एक शिष्य शांत राक्षित ने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अपने आचार्यों की बात को परखने के लिए यह मॉडल दिया था

-प्रदीप कुमार राय

सूडोकु नवताल- 5971

मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5970 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

विचार प्रवाह

भारत विश्व का गुरु था, विश्व का गुरु है, और विश्व का गुरु रहेगा। भारत की आध्यात्मिक शांति के आगे हर महाशक्ति को झुकना होगा। भारत शब्द का मतलब है जो प्रकाशमान है। भारत चमक रहा है, क्योंकि सूरज हमेशा पूरब से ही निकतला है। भारत के पास सब कुछ है। इसके बावजूद यहां के लोग पश्चिमी संस्कृति की नकल करने में लगे हुए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें अपने नौजवानों को अपनी जड़ों से जोड़ना है। जड़ों से जुड़कर ही हम अपनी संस्कृति और सभ्यता को संवार सकते हैं।

■■ मुनिश्री तरुणसागर

शब्द पहेली - 7033



बाएँ से दाएँ

1. धनुर्धर-2,2
4. तरुणी, नाजनीन-4
7. संतुष्ट होना-5
9. टेलीग्राम-2
11. महोदय (अंग्रेजी-2)
12. कटि, कमरिया-3
14. फटकार, भर्त्सना-4
15. वतन, स्वदेश-4
16. पार होना, पार करना-3
18. विद्रोही-2
19. गरीब, निर्धन-2
21. लोचदार, लचकदार-5
25. पारंपरिक, पुरातन-4
26. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

ऊपर से नीचे

1. शीघ्रता, जल्दी-3
2. मूल्य, कीमत-2
3. जनता, आम आदमी-2
4. किनारा, कोरा-2
5. इंकार, मनाही-2
6. पानी गर्म करने का यंत्र-3
8. भ्रम, वहम-3
10. साधू, संन्यासी-3,2
11. मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. जिव्हा, जीभ-3
17. रसदार, रसभरा-3
18. कारण, वजह-3
20. नेत्र, लोचन-3
21. बुरी आदत-2
22. एक पड़ोसी देश-2
23. पराया, पंख-3
24. रग, नाड़ी-2

शब्द पहेली -7032 का हल

■	शा	र	दा	■	सा	हि	ल	■
दा	म	■	न	■	ल	■	त	ब
खि	■	प्र	व	धा	न	■	■	ग
ल	ब	ण	■	न	■	त	ह	त
■	■	ना	म	■	स	ह	■	■
ती	र	थ	■	म	■	ल	ग	न
म	■	■	मु	ब	ल	का	■	क
ग	ज	■	मी	■	ह	■	बे	टा
■	न	र	म	■	जा	हि	ल	■

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की परीक्षा में करीब सात लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

भोपाल। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 12वीं की परीक्षा जुलाई में होगी। यह परीक्षा मुख्य तीन विषयों के लिए होगी। इसकी तैयारी चल रही है, जबकि अन्य दो विषयों के नंबर तीन विषयों की परीक्षा के आधार पर दिए जाएंगे। परीक्षा हर साल की तरह ऑफलाइन ली जाएगी। मंडल ने परीक्षा से लेकर रिजल्ट घोषित करने का ढाई माह का शेड्यूल तैयार किया है। हालांकि, परीक्षा को लेकर जून के पहले सप्ताह में निर्णय लिया जाएगा और कोरोना संक्रमण को देखते हुए परीक्षा की तारीख घोषित की जाएगी। अब 12वीं की परीक्षा को लेकर मंडल ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। हालांकि, अभी हाल में केंद्र के साथ हुई बैठक में मप्र बोर्ड में सीबीएसई की तर्ज पर पेपर लेने के लिए कहा गया, जिसे स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि मप्र बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। सीबीएसई की तर्ज पर परीक्षा कराने के लिए फिर से पेपर तैयार करवाने होंगे। इस कारण पहले के ही पेपर से परीक्षा ली जाएगी। बता दें कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-12वीं परीक्षा 30 अप्रैल से शुरू होनी थी। इसी बीच कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते परीक्षा की तिथि आगे ब?ाई गई, लेकिन बाद में दसवीं की परीक्षा को रद कर आंतरिक मूल्यांकन के आधार देने की घोषणा की गई।



12वीं की परीक्षा की तैयारी पूरी

12वीं की परीक्षा में करीब सा? सात लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। मंडल ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। पेपर व परीक्षा सामग्री पूर्व में ही छप चुकी है। इसी कारण मंडल 12वीं की परीक्षा लेगा। यदि मंडल सीबीएसई की तर्ज पर ऑब्जेक्टिव आधार पर परीक्षा लेता है, तो उसे दोबारा पेपर बनवाने, छपाई करवाने, परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने समेत अन्य कार्यों में काफी समय लगेगा। ऑब्जेक्टिव परीक्षा भी केंद्र पर जाकर देनी होगी। मंडल ने 12वीं के पेपरों की परीक्षा ही आयोजित करवाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

ऑनलाइन चित्र प्रदर्शनी में अनूठी आकृतियों से दिया सकारात्मकता का संदेश

भोपाल। कला में भारतीयता और राष्ट्र चिंतन के लिए प्रतिबद्ध कलाकारों के समूह भारतीय कला विचार मंच ने अपनी पहली ऑनलाइन चित्र प्रदर्शनी लगाई है। देश के विभिन्न स्थानों से जुटे लगभग 60 कलाकारों की रचनाओं की प्रदर्शनी भारतीय विचार मंच के फेसबुक पेज पर प्रारंभ की गई। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति हुई। भारतीय कला विचार मंच के कलाकार प्रगतिशील भारत के साथ- साथ अपनी परंपरा और संस्कृति की विचारधारा को उत्साह के साथ अपने कलाकर्म में प्रस्तुत करते हैं।

देशभर के लगभग 60 कलाकारों की रचनाओं की प्रदर्शनी भारतीय विचार मंच के फेसबुक पेज पर प्रारंभ। भोपाल के कलाकारों की कृतियां भी शामिल।

यह ऑनलाइन चित्र प्रदर्शनी वर्तमान विकट परिस्थिति में कोराना महामारी से संघर्ष पर आधारित है। प्रदर्शनी में चित्र, मूर्ति और कविताएं प्रदर्शित की गई हैं। विविधताओं से भरी यह प्रदर्शनी इंस्टाग्राम पर भी भारतीय कला विचार मंच के अधिकृत पेज पर देखी जा सकती है।

भोपाल के चित्रकार गोविंद विश्वास ने सिटी स्कैन फिल्म जैसी आकृति के माध्यम से अपदाओं पर सोचने और सजग रहने का संदेश दिया है। छह मस्तिष्क और भारत के नक्शे के माध्यम से एकता और अखंडता का संदेश दिया है। अपनी डिजिटल मीडिया से उन्होंने कोरोना जागरूकता का संदेश भी दिया है। वहीं पूनम विश्वास ने सैनिकों के मेडल की आकृति के माध्यम से देश के प्रति आदर भाव को प्रकट किया है। उन्होंने हृदय और मतिष्क की आकृति के माध्यम से सकारात्मकता का संदेश दिया है। इस मंच से जम्मू से लेकर कन्याकुमारी तक के कलाकार जुटे हुए हैं। कम ही समय में ख्याति प्राप्त चित्रकारों से लेकर स्थापित युवा कलाकारों ने कला समूह में रुचि दिखाई है। मंच की भविष्य में भी विभिन्न कला प्रदर्शनी आयोजन की योजना है।

ईडन गार्डन कॉलोनी के रहवासियों ने बिल्डर के खिलाफ खोला मोर्चा

भोपाल।

राजधानी के भेल क्षेत्र में आने वाले ईडन गार्डन कॉलोनी अमरावत खुर्द मे कॉलोनीवासी बिल्डर उमेश चंद्र गौतम के कारण परेशान हैं। 15 दिनों से लोगों के घरों में पानी नहीं आ रहा है। इसके चलते सभी रहवासी टैंकर के माध्यम से पानी खरीदने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं, बिल्डर के द्वारा पार्क में सीवेज का पानी बिना ट्रीटमेंट किए छोड़ा जा रहा है। इससे रहवासियों में काफी नाराजगी है।रहवासियों का कहना है कि कोरोना संक्रमण काल चल रहा है। ऐसे में बिल्डर के द्वारा इस प्रकार का कृत्य अशोभनीय है। कॉलोनी के रहवासी ईडन गार्डन रखरखाव रहवासी समिति के अध्यक्ष बेंदीलाल जी श्यामकर और अनिल अग्रवाल, इंद्रेश शर्मा के साथ कॉलोनी वाले प्रदर्शन भी कर चुके हैं। इस संबंध में एसडीएम विनीत तिवारी से भी शिकायत की गई है। तहसीलदार मनीष शर्मा की ओर से यहां दौरा भी किया गया, इसके बावजूद समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है।ज्ञात हो कि कलेक्टर भोपाल अविनाश लवानिया द्वारा आदेश दिया गया है कि कॉलोनी को ईडन गार्डन रखरखाव रहवासी समिति को दिया जाए। यह मामला करीब तीन महीनों से लंबित है। रहवासियों की गुहार पर प्रशासन के द्वारा आज अवधपुरी थाने की पुलिस टीम तथा तहसीलदार को श्री मनीष शर्मा जी को मौके का मुआयना करने के लिए भेजा गया। महीनों से ईडन गार्डन के रहवासी सुविधाओं को लेकर गुहार लगा रहे हैं। 90 फीसद लोग एक तरफ होने के बावजूद बिल्डर के द्वारा अवैध रूप से वेलफेयर सोसायटी को कॉलोनी हैंडओवर करके प्रशासन के आदेश की अवहेलना की गई है।

6.76 करोड़ रुपये खर्च, फिर भी शहर में कुत्तों की आबादी और आतंक बढ़ा

भोपाल। पांच साल में नसबंदी पर 6.76 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद राजधानी की सड़कों पर कुत्तों की आबादी और आतंक दोनों बढ़ गए हैं। सड़कों पर डेढ़ लाख से अधिक कुत्ते हैं, जो हर रोज कई लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। हालिया घटना जहांगीराबाद में हुई, जहां दो बच्चों समेत नौ लोग कुत्ते के शिकार बने थे। कुत?तों की आबादी का आंकड़ा बढ़ने की वजह छह महीने से नसबंदी के लिए नई एजेंसी तय न होना भी है। नतीजतन कुत्तों के काटने के मामले बढ़ गए हैं।मार्च-21 में कुत्तों की नसबंदी पर खर्च हुई राशि को लेकर विधानसभा में भी खूब हल्ला हुआ था। भाजपा विधायक यशपाल सिसौदिया ने सवाल किया था, जिसमें नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने लिखित में जवाब दिया था। वर्ष 2015 से 2021 तक इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन व ग्वालियर पर कुल 17 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। जिसमें से भोपाल में 6.76 करोड़ रुपये खर्च होने की बात सामने आई थी। इतनी अधिक राशि खर्च करने के बावजूद राजधानी से न तो कुत्तों का आतंक खत्म हुआ और न ही आबादी कम हुई।

ब्लैकलिस्टेड कंपनी ने लिया था टेंडर, निगम ने हटाया

शहर में नसबंदी करने वाले एनजीओ का अनुबंध नवंबर 2020 में ही समाप्त हो चुका है। इसके बाद निगम ने नई एजेंसी के लिए टेंडर प्रक्रिया की थी। एक बार सिर्फ एक ही टेंडर आया था, जबकि दूसरी बार एजेंसी तय हो गई थी। जिसे लेकर पड़ताल की गई तो सामने आया कि वह पहले से ब्लेक लिस्टेड है। इसके चलते निगम ने टेंडर निरस्त कर दिया। हाल ही में सवा करोड़ रुपये का टेंडर खोलने की प्रक्रिया फिर शुरू हो गई है।

मासूम की मौत के बाद लिए निर्णय अधूरे

वर्ष 2019 में अवधपुरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों ने एक छह साल के बच्चे को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद जिला व नगर निगम प्रशासन हरकत में आया। बैठकों के दौर के बाद मॉनीटरिंग की व्यवस्था में सुधार, डॉक्टरों द्वारा की जाने वाली नसबंदी, कामों पर नजर रखने के लिए डॉक्टर एंट्री सिस्टम, डॉग एंट्री सिस्टम व डॉग टोकन सिस्टम को विकसित करने का निर्णय लिया गया। वहीं कुत्तों की ध?पक? के लिए जमीनी अमले को ब?ाने की बात कही थी। यह निर्णय अब तक अधूरे ही है।

इन क्षेत्रों में आतंक ज्यादा

जहांगीराबाद, शाहजहांनाबाद, गेहूंखे?ा, कोलार, अवधपुरी, बाग मुगालिया, एमपी नगर, तलैया, शाहपुरा, माता मंदिर क्षेत्र, पंचशील नगर, हमीदिया रोड, एम्स अस्पताल क्षेत्र, इंद्रपुरी, आनंद नगर, करोंद आदि।

अनाज वितरण कार्यक्रम में ढाई घंटे बाद भी नहीं पहुंचीं सांसद प्रज्ञा ठाकुर

भोपाल। मोदी सरकार के सात साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी की स?थानीय इकाइयों द्वारा भी सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत संत हिरदाराम नगर स्थित संत हिरदाराम सभागृह में रविवार सुबह 11 बजे से गरीब महिलाओं को अनाज वितरण का कार्यक्रम रखा गया, लेकिन ढाई घंटे बाद भी सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर कार्यक्रम में नहीं पहुंचीं। इस कारण अनाज की आस में आई गरीब महिलाओं को परेशान होना पड़ रहा है। वन ट्री हिल स्थित संत हिरदाराम सभागृह में भाजपा के स्थानीय नेता उपस्थित हैं। मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, चंदू भाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार जनयानी, वासुदेव वाधवानी, राहुल राजपूत महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीला शामनानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हैं। महिलाओं को पर्ची दे दी गई है। इनको सांसद साध्वी प्रज्ञा के हाथों से अनाज वितरण किया जाना है। महिलाओं को बताया गया था कि सुबह 11ः00 बजे कार्यक्रम होगा। लेकिन दोपहर 1ः30 बजे तक सांसद नहीं पहुंचीं। इससे नाराज महिलाओं ने हंगामा कर दिया। गरीब महिलाओं ने कहा कि पहले उन्हें बताया गया कि 11ः00 बजे अनाज दिया जाएगा। फिर कहा कि 12ः00 बजे सांसद आएंगी। थोड़ी-थोड़ी देर बाद टाइम बढ़ाया जा रहा है।

गेट के बाहर भीड़, पर्ची लेकर भटक रही महिलाएं

संत हिरदाराम सभागृह का गेट बंद कर दिया गया है। जिन महिलाओं को अनाज मिलना है, उन्हें पर्ची दे दी गई है। महिलाओं का कहना है कि उन्हें ढाई घंटे से परेशान किया जा रहा है। यदि उन्हें पहले ही बता दिया जाता कि सांसद देर से आएंगी, तो वह घर से देर से निकलतीं। नाराज महिलाओं ने कुछ समय के लिए हंगामा कर दिया। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष शीला शामनानी उन्हें समझाती नजर आई।

सरकारी फरमान बेअसर, ब्लैक फंगस के इंजेक्शन के लिए दर-दर भटक रहे स्वजन



भोपाल। ब्लैक फंगस की बामारी से ज्यादा दर्द मरीजों के स्वजन को सरकार की व्यवस्था से हैं। संभागायुक्त ने पांच दिन पहले कहा था कि मरीजों के स्वजन को परेशान नहीं होना प?गा। रेमडेसिविर की तर्ज पर निजी और सरकारी अस्पतालों में इंजेक्शन पहुंचाए जाएंगे, लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। मरीजों के स्वजन दिन भर इंजेक्शन के लिए भटकते हैं। एक मरीज को हर दिन चार इंजेक्शन लगते हैं, लेकिन किसी को दो मिल रहे तो कोई निराश होकर लौट रहा है। उधर, हमीदिया अस्पताल में शनिवार को ब्लैक फंगस से एक मरीज की मौत हुई है। शहर के विभि?न अस्पतालों में 305 मरीज भर्ती हैं।

ये व्यवस्थाएं भी फेल

गुरुवार को प्रशासन ने एक और व्यवस्था की। जरूरतमंदों की सूची जिला प्रशासन की तरफ से औषधि निरीक्षकों को भेजी गई थी। किसे कितना इंजेक्शन दिया जाएगा यह भी सूची में था, लेकिन यह व्यवस्था भी सिर्फ एक दिन ही रही। शुक्रवार को बायोफेस मेडिकल स्टोर बागमुगालिया से बांटे गए 200 इंजेक्शन के लिए जिला प्रशासन की तरफ से कई सूची नहीं आई। तीसरी व्यवस्था यह की गई कि सर्जरी के तीन दिन तक इंजेक्शन और इसके बाद टेबलेट दी जाएगी। यह दिशा-निर्देश होने के बाद भी इंजेक्शन की अनुमति जीएमसी के डीन के यहां से तीन दिन की जगह एक दिन की मिल रही। ऐसे में हर दिन अनुमति के लिए जाना प? रहा है।

एम्स में आए 250 इंजेक्शन

इंजेक्शन की किल्लत के बीच एम्स के मरीजों को कुछ राहत मिली है। यहां के लिए पहली बार 250 इंजेक्शन प्रदेश सरकार की तरफ से मिले हैं, जो मरीजों को निश्शुल्क लगाए जाएंगे। यहां पर 27 मरीज भर्ती हैं।

मरीजों के स्वजन का दर्द

दो सर्जरी के बाद नहीं मिल रहे इंजेक्शन

मेरे पिता को कोरोना से 90 फीसद संक्रमण हुआ था। इससे ऊबरे तो ब्लैक फंगस हो गया है। चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया है। 11 और 26 मई को दो सर्जरी हो चुकी हैं। संक्रमण ज्यादा होने की वजह से डॉक्टरों ने कहा कि कम से 40 इंजेक्शन लगाने की जरूरत प?गी। इंजेक्शन के लिए रात- दिन एक करने के बाद भी 15 दिन में 12 इंजेक्शन मिल पाए हैं। इंजेक्शन के जुगा? में पिता जी का भी ठीक से ख्याल नहीं रख पाता। **- मयंक जैन, स्वजन**

पुराने पर्चे वालों को कम इंजेक्शन मिले

मेरी मां नोबेल अस्पताल में भर्ती हैं। उनके ब्रेन में क्लॉटिंग भी है। 14 मई से इलाज चल रहा है। अभी सिर्फ नौ इंजेक्शन ही मिल पाए हैं। शुक्रवार को बागमुगालिया के मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन बांटे गए। यहां जिनके पास 28 मई का डीन का पत्र था, उन्हें चार इंजेक्शन दिए गए हैं। मेरे पास 26 मई का पत्र था, इसलिए सिर्फ दो इंजेक्शन ही मिले। इसके पीछे क्या तर्क है यह मेरी समझ में नहीं आया। जीएमसी डीन के यहां सुबह जाकर एक बार फार्म जमा करना होता है, इसके बाद तीन बजे के करीब अनुमति पत्र मिलता है। इसे लेकर दिन भर यही पता करने में लगे रहते हैं कि इंजेक्शन कहां पर आ रहे हैं। **-मन्यम चैतन्य, स्वजन**

भोपाल में मंडियां बंद, सब्जियां फेंकने पर मजबूर किसान

भोपाल। कोरोना कर्फ्यू के चलते राजधानी की सभी सब्जी मंडियां भी बंद हैं। 11 मील समेत कुछ अन्य स्थानों पर अस्थायी रूप से मंडी लग रही हैं, पर दूरी अधिक होने से किसान वहां नहीं पहुंच पा रहे हैं। लिहाजा, किसानों को सब्जियां फेंकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। शहर के समीप खजूरीकलां गांव में तो कई किसान अपनी टमाटर, भिंडी, लौकी, गिलकी समेत अन्य सब्जी के पौधे उखाड़कर फेंक रहे हैं।गौरतलब है कि राजधानी के लगभग 80 फीसद हिस्से में करोंद मंडी से सब्जियों की आपूर्ति होती है। इसके अलावा हबीबगंज, भदभदा, बिट्टन मार्केट, आनंद नगर आदि स्थानों पर भी मंडियां लगती हैं। कोरोना कर्फ्यू के कारण 12 अप्रैल से ही मंडी बंद है। इससे वहां पर सब्जियों की आवक थम गई है। जिला प्रशासन ने कुछ स्थानों पर व्यापारी व किसानों के लिए सब्जी की खरीदी-बिक्री की अस्थायी व्यवस्था की है, लेकिन वहां पर पर्याप्त मात्रा में सब्जी नहीं बिक रही है। दरअसल, अस्थायी मंडी शहर से बाहर है। दूसरी ओर यहां पर किसानों को उनकी सब्जी के भाव भी बेहतर नहीं मिल रहे हैं। यही कारण है कि किसान वहां सब्जी न ले जाकर उन्हें खेतों में ही नष्ट कर रहे हैं।

अधिकांश किसानों ने पौधे उखाड़े

खजूरीकलां समेत आसपास के अधिकांश किसानों ने सब्जी के पौधे उखाड़ने शुरू कर दिए हैं। कृषक कुबेर सिंह राजपूत ने बताया कि एक किलो टमाटर की कीमत चार-पांच रुपये भी नहीं मिल रही है। लौकी, गिलकी, भिंडी आदि सब्जियों के भाव भी बहुत कम मिल रहे हैं। यदि इ?हें अस्थायी मंडियों में लेकर जाएंगे तो परिवहन का खर्च भी नहीं निकलेगा। इसलिए पौधे उखाड़कर खरीफ फसल की तैयारी कर रहे हैं। कृषक भगवान सिंह राजपूत ने बताया कि सब्जियों को पौधे से तोड़ने के बाद मंडी में ले जाना पड़ता है। वरना खराब हो जाती हैं। कोरोना कर्फ्यू के कारण सब्जी नहीं बेच पा रहे हैं।

मंडी खुलने पर मिलेगी राहत

किसानों का कहना है कि कोरोना कर्फ्यू खुलने के बाद सब्जी की खपत भी बढ़ जाएगी। इससे किसानों को भाव अच्छे मिलेंगे। इसलिए सब्जी मंडियां भी खोल दी जाना चाहिए।

कोलार में सीवेज-पानी की लाइन बिछाने से जर्जर हुई सड़कें सुधरने लगीं, दो लाख लोगों को राहत

भोपाल। राजधानी भोपाल के उपनगर कोलार में नगर निगम सीवेज एवं पानी की पाइप लाइन बिछा रहा है। पिछले दो महीने से तेजी से काम हुआ। इससे करीब आठ किमी हिस्से की सड़कें जर्जर हो गई हैं। ऐसे में बारिश के दौरान यह बड़ी आफत बन सकती हैं। इसे ध्यान में देखते हुए नगर निगम सड़कों को सुधार रहा है। जर्जर हिस्से पर सीमेंट क्रांकीट बिछाया जा रहा है, ताकि ये दिक्कतें खड़ी न करें। सड़क सुधरने से कोलार की करीब दो लाख को राहत मिलेगी। शनिवार को निगमायुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने इन सड़कों का निरीक्षण कर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।निगमायुक्त ने शहर में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों के शेष कार्यों एवं रेस्टोरेशन वर्क (मरम्मत) शीघ्र पूर्ण कराने के दृष्टिगत शाहपुरा बंसल अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं पंप हाउस का निरीक्षण किया। वहीं एसटीपी के निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पंप हाउस एवं एसटीपी के शेष सिविल वर्क शीघ्रता से पूर्ण कर बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने व मशीनों की स्थापना का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने हाउस होल्ड सीवेज कनेक्शन के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और हाउस होल्ड कनेक्शन देने की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। शाहपुरा पुलिया तिराहा, कोलार रोड स्थित निर्मला देवी तिराहा, शकुंतला नगर मार्ग, दानिश कुंज जैन मंदिर मार्ग, होशंगाबाद रोड, आशिमा माल आदि क्षेत्रों में सीवेज लाइन बिछाने के उपरांत किए जा रहे मरम्मत कार्य का अवलोकन किया और कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने सभी स्थानों पर शेष रेस्टोरेशन कार्यों को मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वे बगली गांव में निर्माणाधीन पंप हाउस भी पहुंचे और विकास कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

मध्य प्रदेश में 150 शावक, टाइगर स्टेट का रुतबा कायम रहने की बढ़ी आस

भोपाल। पिछले साढ़े चार महीने में देश में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 22 बाघों की मौत के बाद सवाल उठ रहा था कि प्रदेश टाइगर स्टेट का रुतबा कायम रख पाएगा? इसका भी जवाब प्रदेश के जंगलों ने दे दिया है। अकेले संरक्षित क्षेत्रों में 150 से ज्यादा बाघ शावक देखे गए हैं, इनकी उम्र एक साल से भी कम है। जबकि एक से दो साल के शावकों की संख्या 50 से ज्यादा बताई जा रही है। यदि एक साल से कम उम्र के शावक जीवित रहने में सफल रहते हैं, तो अगले साल होने वाले पांचवें राष्ट्रीय बाघ आकलन में प्रदेश में 700 के आसपास बाघ गिने जाएंगे। वर्ष 2018 में कराई गई गिनती में भी प्रदेश से ऐसा ही अप्रत्याशित आंक?ा सामने आया था। तब 218 बाघ ब? थे। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की देखरेख में हर चार साल में देशभर में बाघों की गिनती होती है। यह सिलसिला वर्ष 2006 से शुरू हुआ है और वर्ष 2022 में पांचवीं गणना होना है। इससे पहले संरक्षित क्षेत्रों में दो साल से शावक और वयस्क बाघों की गिनती की जा रही है। दो दिन पहले बांधवग? टाइगर रिजर्व ने एक साल से कम उम्र के शावकों की गिनती पूरी की है। पार्क में 40 शावक पाए गए हैं। जबकि कान्हा टाइगर रिजर्व में 30 शावकों की उपस्थिति का पता चल रहा है। हालांकि कान्हा सहित दूसरे संरक्षित क्षेत्रों में गिनती अभी जारी है, लेकिन प्रारंभिक आंक? बताते हैं कि प्रदेश अगले साल टाइगर स्टेट का रुतबा बरकरार रखने के लिए तैयार है और इस बार भी 200 से ज्यादा बाघ ब?गे।

साढ़े 16 महीने में 52 बाघ मरे

जनवरी 2020 से 15 मई 2021 तक के आंक? देखें, तो प्रदेश में 52 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 30 बाघ वर्ष 2020 में मरे थे, पर इस अवधि में सिर्फ संरक्षित क्षेत्रों में 200 से ज्यादा बाघ पैदा हुए हैं। यदि 63 सामान्य वनमंडल में पैदा हुए शावकों की संख्या भी जो?ी जाए, तो आंक?ा 350 से ऊपर जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि 50 फीसद बाघों के जीवित रहने की उम्मीद रहती है, बशर्ते शावक मां से न बिछु? और नर बाघ से उसका सामना न हो। प्रदेश में छह टाइगर रिजर्व, पांच नेशनल पार्क और 24 अभयारण्य हैं।

दो बाघों के अंतर से विजेता बना था मप्र

वर्ष 2018 के बाघ आकलन में प्रदेश दो बाघों से विजेता घोषित हुआ था। मध्य प्रदेश में 526 बाघ गिने गए थे, जबकि बाघों की संख्या के मामले में देश में दूसरे नंबर पर रहने वाले कर्ना

कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना का आदेश जारी

सिवनी यशभारत

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा अनुसार राज्य शासन ने उसके नियोजन में कार्यरत समस्त नियमित/स्थाईकर्मी/कार्यभारित एवं आकस्मिकता से वेतन पाने वाले/दैनिक वेतनभोगी/तदर्थ/संविदा/कलेक्टर दर/ आउटसोर्स/मानदेय के रूप में कार्यरत शासकीय सेवक/ सेवायुक्तों के लिये मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना लागू कर दी है।

सेवायुक्तों की कोविड संक्रमण से मृत्यु होने पर उनके परिवार के पात्र एक सदस्य को योजना में विहित प्रावधान के अनुसार उसी प्रकार के नियोजन में अनुकम्पा नियुक्ति दी जायेगी, जिसमें मृत सेवक नियोजित था।

पात्र कर्मी

राज्य के समस्त नियमित/स्थाईकर्मी/कार्यभारित एवं आकस्मिकता से वेतन पाने वाले/दैनिक वेतन भोगी/ तदर्थ/ संविदा /कलेक्टर दर पर कार्यरत सेवक, जिनका वेतन/मानदेय/पारिश्रमिक का भुगतान राज्य की संचित निधि से विकलनीय हो। विभागों द्वारा सक्षम स्वीकृति एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत ली गई आउटसोर्स सेवाओं पर कार्यरत सेवायुक्त, जिनका पारिश्रमिक/मानदेय आदि का भुगतान राज्य की संचित निधि से विकलनीय हो। विधि द्वारा स्थापित आयोग, ऐसी संस्थाएँ, जिनका शत-प्रतिशत स्थापना व्यय राज्य के नियमित स्थापना मद से विकलनीय होता है अथवा इसके लिये स्थापना अनुदान दिया जाता है, उनमें कार्यरत सेवायुक्त पात्र होंगे।

पात्रता की शर्तें

मृतक सेवायुक्त मान्य चिकित्सीय जाँच में (ऋञ्ज/ऋञ्जक्ष्ट्र) कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया हो तथा उसकी मृत्यु उपचार के दौरान हुई हो अथवा स्वस्थ होने के बाद पॉजिटिव होने के साठ दिन के भीतर किसी भी बीमारी से मृत्यु हो गयी हो। मृत्यु की तिथि पर वह शासन के नियोजन/शासकीय कार्य में कार्यरत हो। मृतक सेवायुक्त शासकीय कार्य में पूर्णकालिक रूप से नियोजित होना चाहिये।

योजना में अनुकम्पा नियुक्ति के लिये परिवार के सदस्य की पात्रता का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र 29 सितम्बर, 2014 की कण्डिका-2 के अनुसार होगा। मृतक शासकीय सेवक/सेवायुक्त के पात्र आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति देने में आयु का बंधन नहीं होगा। दिवंगत शासकीय सेवक/सेवायुक्त के परिवार का कोई भी सदस्य यदि पूर्व से शासकीय सेवा अथवा निगम, मण्डल, परिषद, आयोग आदि में नियमित सेवा में नियोजित हो, तो वह अनुकम्पा नियुक्ति के लिये अपात्र होगा। यदि किसी शासकीय सेवक/सेवायुक्त की मृत्यु अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद सेवावृद्धि, पुनर्नियुक्ति/संविदा नियुक्ति के दौरान होती है, तो अनुकम्पा नियुक्ति के लिये अपात्र होगा। जिन परिवार को मुख्यमंत्री कोरोना योद्धा योजना के अंतर्गत 50 लाख रुपये प्राप्त करने की पात्रता है, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं दिया जायेगा।

योजना की अवधि

योजना एक मार्च 2021 से लागू होगी और 30 जून 2021 तक लागू रहेगी। अगर सेवायुक्त योजनावधि में कोविड-19 पॉजिटिव था, लेकिन उसकी मृत्यु योजनावधि समाप्त होने के पश्चात परंतु कोविड-19 पॉजिटिव होने के साठ दिन के भीतर हो जाती है तब भी अनुकम्पा नियुक्ति की पात्रता होगी।

अनुकम्पा नियुक्ति के पद

योजना में कार्यरत सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार के पात्र सदस्य को उसके द्वारा धारित योग्यता एवं अर्हता के आधार पर वर्ग-3 (गैर कार्यपालिक पद) अथवा वर्ग-4 अथवा इसके समतुल्य पदों पर उसी प्रकार के नियोजन में अनुकम्पा नियुक्ति दी जायेगी, जिस प्रकार के नियोजन में मृतक सेवक नियोजित था।

अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया

अनुकम्पा नियुक्ति के लिये आवेदन-पत्र उस कार्यालय प्रमुख/विभाग प्रमुख, जिसमें दिवंगत सेवायुक्त अपनी मृत्यु के पूर्व कार्यरत था, को प्रस्तुत किया जायेगा। आवेदन मृत्यु दिनांक से 4 माह के भीतर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। अपरिहार्य स्थिति में विलम्ब के कारणों से संतुष्ट होने पर दावा स्वीकृति के लिये सक्षम प्राधिकारी अधिकतम तीन माह तक का विलम्ब माफ कर सकेंगे। अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदनों के निपटारे के लिये ऐसे आवेदकों की एक सूची संबंधित कार्यालय/विभाग में बनाई जायेगी एवं इसका क्रम दिवंगत सेवायुक्त की मृत्यु के

दिनांक से निर्धारित किया जायेगा, अर्थात जो सेवायुक्त पहले दिवंगत हुआ है, उसके आश्रितों को पहले अनुकम्पा नियुक्ति आरक्षण नियमों का पालन करते हुए दी जायेगी। अनुकम्पा नियुक्ति यथासंभव उसी कार्यालय या विभाग में दी जायेगी, जिसमें दिवंगत सेवायुक्त निधन के पूर्व नियोजित था। यदि विभाग की स्थापना में ऐसा पद रिक्त नहीं है, जिस पर परिवार के सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा सकती है, तो इसके लिये सांख्येत्तर पद निर्मित किया जा सकेगा। ऐसे सांख्येत्तर पद पर की गई नियुक्ति भविष्य में नियमित पद की रिक्ति के विरुद्ध समायोजित की जायेगी एवं पात्र आश्रित की पदोन्नति एवं अन्य कारणों से सांख्येत्तर पद रिक्त होने पर स्वतरू समाप्त समझा जायेगा।

बंडोल पुलिस की कार्यवाहीः पौकलेन से डीजल चुराने वाला धराया, ढाबे में रखी थी बैरल

सिवनी यशभारत

बंडोल पुलिस ने 200 लीटर डीजल चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज संजय पिता केशरीचंद राय ने बंडोल थाना पहुंचकर जानकारी दिया कि भोंगाखेड़ा रोड के सामने उनकी पौकलेन मशीन नहर खुदाई के काम में लगी हुई है। बीती रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पौकलेन मशीन में रखा डीजल से भरा बैरल जिसमे लगभग 200 लीटर डीजल भरा था चुरा लिया तब पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया। जिला पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में थाना प्रभारी दिलीप पंचेश्वर ने टीम का गठन किया जिसमें कार्यवाह सहा. उनि अशोक सेन, प्रआर. विनोद बघेल, अमरसिंह उइके, आर. विश्राम धुर्वे, आर. दीपेश रघुवंशी एवं वीरेंद्र जाटव शामिल है जिन्होंने डीजल चोरी की जांच करना प्रारंभ किया।

थाना प्रभारी दिलीप पंचेश्वर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सबसे पहले पोकलैन मशीन के ऑपरेटर इमरान पिता एहसान खान निवासी भोंगाखेड़ा से पूछताछ किया तब पुलिस की सख्ती के सामने वह टूट गया और उसने पुलिस को बताया कि भोंगाखेड़ा में स्थित बघेल ढाबा में 200 लीटर का बैरल भेज दिया तब पुलिस ढाबा पहुंची जहां ढाबे के पीछे वाले कमरे में पुलिस ने 200 लीटर डीजल का बैरल जप्त किया जिसके बाद पुलिस ने ढाबा संचालक सुधीर पिता शिवसिंह बघेल एवं जगवंदन पिता शिवसिंह बघेल से पूछताछ किया तो उन्होंने पौकलेन के ऑपरेटर इमरान खान से डीजल खरीदने की बात स्वीकार किया जिसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया।

धनौरा अस्पताल में समाजसेवी आशीष राय ने भेंट की व्हीलचेयर

धनोरा यश भारत

कोरोना महामारी से पूरा देश जूझ रहा है।संक्रमण को देखते हुए शासन प्रशासन ने लॉक डाउन लगाया है।और अब धीरे धीरे स्थितियां ठीक होती नजर आ रही हैं।परेशान लोगो की मदद करने कई सामाजिक संगठन सामने आए। धनोरा के एक समाज सेवी आशीष राय ने मरीज एवं परिजनों की सहूलियत के लिये धनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्हीलचेयर भेंट की ताकि किसी भी बीमार को अस्पताल के अंदर वार्डो में ले जाने में परेशानी न हो।इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जे प्रसाद जी,खंड विस्तार प्रशिक्षक टी एल उइके जी,शुक्ला जी झरिया जी,विनोद जी सहित स्टाप उपस्थित रहा।

बंडोल में 18+ आयु वाले व्यक्ति ने लगवाया वैक्सीनेशन

बंडोल। वर्तमान समय में देश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहीं कोरोना संक्रमितो की संख्या तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के चलते लोगों ने अपने तथा अपने परिवार के स्वास्थ्य प्रति सजगता से प्रेरित होकर सिवनी जिले के बंडोल शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए वैक्सीन सेंटर में 18 + व्यक्ति को कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाने युवा बढ़-चढ़कर ले रहे हैं हिस्सा। युवाओं द्वारा सभी आयु वर्ग के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है,वैक्सीन सेंटर में स्वास्थ्य विभाग बंडोल से डॉक्टर संदीप सनोडिया,सुनील सिंह ठाकुर ,करुणा दीदी , सादिका अख्तर, सहित अन्य उपस्थित थे

धनोरा वेक्सीनेशन सेंटर में मास्क लगाये रहा नन्हा बच्चा,कोरोना संक्रमण से बचाव का दिया संदेश

सिवनी यशभारत

एक तरफ जहाँ लोगों की लापरवाही से कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ा है और लोग संक्रमित होकर उपचार के लिये भटके है तथा कुछ लोग तो काल के गाल में समा गए।अपने माता पिता के साथ एक नन्हा बच्चा धनोरा वेक्सीनेशन सेंटर पहुंचा,और जब तक माता पिता वेक्सीनेशन सेंटर में रहे उस बच्चे ने मास्क मुह से नही हटाया।जिसको देखकर लोग कह रहे है कि एक नन्हे बच्चे से उन लोगो को सीख लेना चाहिए जो मास्क न पहनकर लापरवाही बरतते हैं।और कोरोना संक्रमण का शिकार हो जाते हैं।इस बच्चे ने कोरोना संक्रमण से सावधान रहने लोगो को संदेश भी दिया है।

कैट के वर्चुअल जनसंवाद में बोले केन्द्रीय मंत्री - मध्यप्रदेश के व्यापारियों का मैं केन्द्र में प्रतिनिधित्व करूंगा

व्यापारियो की पीडा एवं दर्द को संबंधित मंत्रालय तक आपके प्रतिनिधि के रूप में भेजूंगा।

मध्यप्रदेश में फूड प्रोसेसिंग की अपार संभावना, व्यापारी आगे आये और उसका लाभ उठायें।

सिवनी यशभारत

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित ''व्यापारियों की स्थिति एवं केन्द्र सरकार से उम्मीद'' विषय पर बोलते हुये केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि वर्ष 2020-21 संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। हमारा देश ही नहीं सारी दुनिया इस परेशानी को झेल रही है। पहला फेस और दूसरे फेस से जो त्रासदी हुई है वह बहुत ही भयानक थी और इस कठिन दौर में, मैं मध्यप्रदेश के व्यापारियों का प्रतिनिधि बनकर अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा और आपके जो भी सुझाव और केन्द्र सरकार से उम्मीद हैं, आज जितने भी व्यापारियों ने अपनी बात रखी है उसका लिखित में एक ड्राफ्ट बनाकर दीजियेगा, मैं आपके प्रतिनिधि के रूप में केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्रिगणों से चर्चा करूंगा और भेजूंगा।

केन्दीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने व्यापारियों द्वारा दिये गये सुझावों और उम्मीदों के संबंध में कहा कि जो हमारी राज्य सरकार से संबंधित हैं उन्हें राज्य सरकार तक पहुंचाऊंगा। जीएसटी अथवा बैंकिंग असुविधा जैसे विषय हम केन्दीय वित्तमंत्री जी को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने आपदा में अवसर ढूढने की बात करते हुये व्यापारियों से कहा क्योंकि खादय प्रसंस्करण मंत्रालय उनके पास है। मध्यप्रदेश में उसकी अपार संभावनाए हैं, सरकार की बहुत सारी योजनाऐं हैं जिनमें सब्सिडी है और ऐसी योजनाओं का लाभ प्रदेश के व्यापारियों को उठाना चाहिये, उन्हें आगे आना चाहिये।

मण्डी शुल्क के संबंध में उन्होंने कहा कि आज कई राज्यों में जीएसटी वेरियर समाप्त किये हैं इसी प्रकार एक राज्य से दूसरे राज्य जाते समय किसी व्यापारी का ट्रक नहीं रोका जायेगा। जो कानून बने थे दुर्भाग्य से उनका फायदा बामपंथियों के आन्दोलन के कारण वे नहीं उठा पाये।

कॉन्फ्रेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने स्वागत भाषण रखते हुये कहा कि संक्रमण के दौर में सबसे ज्यादा परेशान व्यापारी है। हम बहुत सारी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और उसके बाबजूद राज्य और केन्द्र सरकार हमारी ओर गंभीरता से विचार नहीं कर रही है। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार शीघ्र ही कोई पेकेज घोषित करे ताकि व्यापारी इस पीडा से बाहर निकल सके। कैट के वर्चुअल जनसंवाद का संचालन प्रदेश महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने किया, कोर्डिनेशन प्रदेश कार्यालय प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष मनोज चैरसिया ने निभाया जबकि आभार प्रदर्शन कैट मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष सन्देश जैन द्वारा किया गया।

बर्चुअल सेमीनार में मालवा चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष अजीत सिंह नारंग, सेन्ट्रल जोन चेयरमैन रमेश गुप्ता इन्दौर, प्रदेश उपाध्यक्ष चम्बल संभाग प्रभारी डॉ.प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल संभाग प्रभारी सुनील जैन 501, महाकौशल चेम्बर आफ कामर्स जबलपुर अध्यक्ष रवि गुप्ता, रोटरी गुना अध्यक्ष सुरेश सिंह रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष शहडौल संभाग प्रभारी मनोज गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष ग्वालियर संभाग प्रभारी पवन जैन, मुकदस शेख, संजय अग्रवाल, सिवनी जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, ग्वालियर जिला अध्यक्ष रविगुप्ता, गिरजा गर्ग, बारा राजस्थान के मनोज गोयल, देवास से अर्पित अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार रखे।

पूर्व राज्यपाल श्रीमती उर्मिला सिंह एक मिसाल

गांव ही नहीं पूरा देश गौरवान्वित

धूमा सिवनी यशभारत । सिवनी जिले के लखनादौन तहसील में आने वाले घुरवारा ग्राम में पूर्व राज्यपाल श्रीमती उर्मिला सिंह जी महिला शक्ति के लिए एक बहुत बड़ा उदाहरण जिन्होंने संघर्ष से बड़ी उपलब्धियों तक का सफर कैसे तय किया यह जमीनी हकीकत उनके जीवन मैं कितने संघर्ष किए जनहित और देश सेवा का भाव लेकर निरंतर मानव सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया । मजदूरी से राज्यपाल तक के सफर में श्रीमती उर्मिला सिंह जी के लोगों के प्रति जो भाव थे व्यवहार थे संवेदनाएं थी वह कभी बदली नहीं और एक सामान्य से जीवन मजदूरी से राज्यपाल जैसे बड़े पदों मैं भी जाकर सामान्य रहा । पूर्व राज्यपाल श्रीमती उर्मिला सिंह जी के द्वारा सिवनी जिले में कई ऐसे बड़े कार्य कराए गए हैं जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए ।और श्रीमती उर्मिला सिंह जी का यह सफर यहीं नहीं रुका आज भी जनहित और मानव सेवा में उनके पुत्र श्रीमान योगेंद्र सिंह ठाकुर विधायक लखनादौन के रूप में निरंतर लगे हुए हैं। सिवनी जिले की जनता अपने आपको गौरवान्वित महसूस करती है जब वह किसी से बताते हैं कि हमारे जिले में विधायक सांसद राज्यपाल जैसे बड़े पदों में महिला शक्तियों ने संघर्ष कर जिले का नाम देश विदेशों तक पहुंचाया । 29 जून पूर्व राज्यपाल श्रीमती उर्मिला सिंह जी की पुण्यतिथि पर महिलाओं को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने के लिए लखनादौन विधायक योगेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा हर क्षेत्र में मदद करने का भरोसा दिया । क्योंकि महिलाएं दृढ़ संकल्पित होकर किसी भी क्षेत्र में संघर्ष करते हुए मंजिल तक जरूर पहुंचती हैं ।

इनका कहना है

पूर्व राज्यपाल श्रीमती उर्मिला सिंह के जीवन में सुना है बहुत उतार-चढ़ाव आए लेकिन संघर्ष से उपलब्धियों तक पहुंचने का सफर आज देश में एक अलग नाम कमा रहा है ।

नागरिक मोर्चा द्वारा पेपर बाटने वाले हाकर को बाटी गई किराना कीट।

सिवनी यशभारत। नागरिक मोर्चा इस वैश्विक महामारी कोरोना में हर जरूरत मंद तक किराना कीट पहुंचाने में रात दिन लगा हुआ है इसी के तहत हासिये में रहने वाले हाकर जिसकी याद रोज सुबह उठकर आती है मगर आपदा में नहीं उसकी याद करते हुए उन्हें ससम्मान आज किराना कीट बाटी गई 70 से अधिक हाकरो को कीट देते हुए गौरव जायसवाल ने कहा की ये वे योद्धा है जो इस संक्रमण काल में भी लोगों को अपने आप को संक्रमण के जोखिम में डालकर भी सूचनाओं से अवगत कराने के लिए सतत गर्मी ठंड बरसात लगे रहते हैं इसलिए हमारे संगठन ने इन्हें किराना किट बांटना नहीं किराना किट देकर इन योद्धाओं का सम्मान करने के बारे में विचार किया था इसी के तहत आज नागरिक मोर्चा के ऑफिस में 70 से अधिक हां कर मित्रों को करुणा किट वितरित की गई।

जागरूकता आज भी कायम है

सिवनी यशभारत

सोशल वर्कर्स संगठन द्वारा आवश्यकता को देखते हुये इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी में लगभग 200 मास्क वितरित करते हुये समझाया गया कि किस प्रकार आप छोटी छोटी सावधानी रखकर खुद को और अपने आसपास के लोगो को सुरक्षित रख सकते है इस कार्य मे अमित हेड़ाऊ, आकाश चौबे, नरेंद्र प्रजापति और अनिकेत विश्वकर्मा का प्रशंसनीय साथ रहे। हम सभी को मिलकर सावधानी बरतनी है और कोरोना से लड़ना है। संगठन की छोटी सी अपील सावधानी के साथ हमे वेक्सीन भी लगवानी है.

सेंट्रल बैंक शाखा में उड़ रही डिस्टेंस की धज्जियां

कान्हीवाड़ा शाखा में कोरोना गाईड लाइन का नहीं हो रहा

कान्हीवाड़ा यशभारत। सेंट्रल बैंक शाखा कांहीवाड़ा में पदस्थ बैंक प्रबंधक और कर्मचारियों की लापरवाही से सोशल डिस्टेसिंग का नही हो रहा पालन भरी धूप में खुले आसमान के नीचे लाइन लगा कर लेन देन करने को मजबूर जनता जिम्मेवार मौन । कांहीवाड़ा शाखा में लगभग 30 से 40 गांव के लोगो का प्रतिदिन बैंक आना जाना होता रहता हे और वर्तमान में कांहीवाड़ा में एक ही बैंक की शाखा है तो मजबूरी में लोगो को सेंट्रल बैंक के भरोसे ही रहना पड़ रहा हे बैंक प्रबंधन की लापरवाही के चलते न तो सोशल डिस्टेंशिग का पालन हो रहा ओर उचित छाव की व्यवस्था न होने से भरी धूप में बाहर खड़े होने को मजबूर लोग न पीने के पानी की उचित व्यवस्था । आए दिन केश की समस्या भी बनी रहती हे पेसो की निकासी के लिए लोग बैंक खुलने के पहले ही आ कर लाइन लगा लेते हे और नंबर आने के पहले ही केश खत्म होने से दुखी लोग पुनः दूसरे दिन आने को मजबूर हो जाते है । लोगो का कहना है कि बैंक के कुछ कर्मचारी बड़े व्यपारियों ओर धन्ना सेठों को घर पहुंच सेवा उपलव्ध कराते हे ।

बैंक का एटीएम में भी नही रहता केश

आश्चर्य की बात यह है कि कान्हीवाड़ा जैसे क्षेत्र के एटीएम में केश की सुविधा नहीं है। कई बार उपभोक्ताओं को बिन पैसे ही लौटना पड़ता है। क्षेत्र की जनता का चुने हुए जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है की बैंक में उचित व्यवस्था करवाई जाए और कांहीवाड़ा में अन्य बैंको की शाखा खुलवाने की पहल की जाए ।

24 घंटे X 365 दिन सेवाएं उपलब्ध
जिंदल
डायग्नोस्टिकस रिसर्च सेंटर एंड ब्लड बैंक
डॉ. सुनील अग्रवाल
MBBS M.D. (PATHO) D.N.B. (Medicine) Reg. No. 11299
डॉ. अनामिका अग्रवाल
Consultant Sonologist Wadia Institute Mumbai, Reg No. 24152
डॉ. जी.एस. सिद्धू (असिसटेंट डायरेक्टर), डा. कौशल्या चंद्रन (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. मुकेश ठाकर (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. विनीत सेठ हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. स्वपनिल भेले हड्डीरोग विशेषज्ञ,
एमआरआई, सिटी स्केन, ईजी, डायलिसेस, टीएमटी, डिलेवरी सुविधा, कलर्स डाफलर एवं टारगेट सोनोग्राफी, डिजीटल एक्स-रे, वेंटिलेटर, बच्चेदानी एवं हड्डी सहित सभी प्रकार की ऑपरेशन की एवं भर्ती की 24 घंटे सुविधाएं
पता- दलसागर तालाब के पीछे भगतसिंह वार्ड सिवनी
संपर्क- 6260196758, 6260193496

मंगेतर को कैसे संभालूं

पीरियड्स के दौरान महिलाओं के मूड स्विंग्स को दिखाने वाले एक मीम को शेयर करते हुए एक फैन ने इलियाना से पूछा मेरी मंगेतर के साथ ऐसी कंडीशन हो तो इसे संभालने के लिए मुझे क्या करना चाहिए तो एक्ट्रेस बोलीं...

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहतीं हैं। वो अपने फैन्स के साथ हमेशा इंटरेक्शन करती रहती हैं। फैन्स भी इलियाना से दिलखोल कर सवाल पूछते हैं और इलियाना उन्हें हमेशा मजेदार सलाह देती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस की एक थ्रोबैक चैट वायरल हो रही है, जिसमें वो अपने एक फैन को पीरियड्स में अपनी मंगेतर से किस तरह डील करे इस पर सुझाव दे रही हैं।

फैन की मदद की

पिछले साल, एक फैन ने इलियाना से उसकी मंगेतर के पीरियड के बारे में सवाल किया था। पीरियड्स के दौरान महिलाओं के मूड स्विंग्स को दिखाने वाले एक मीम को शेयर करते हुए एक फैन ने इलियाना से पूछा, %मेरी मंगेतर के साथ ऐसी कंडीशन हो तो इसे संभालने के लिए मुझे क्या करना चाहिए, मेरी मदद करें। मैं उसे चोट नहीं पहुंचाना चाहता।'

सावधानी से करो अप्रोच

इलियाना ने इसका जवाब देते हुए कहा, %सावधानी से अप्रोच करें। या तो उसे पागलों की तरह कडल करने के लिए तैयार रहें या उसके आस-पास भी न दिखाई दें। अगर वह गुस्सा करने लगे तो उस के पास चॉकलेट फेंक कर भाग जाओ'।

फिल्म इंडस्ट्री एक क्रूर जगह है

इलियाना ने हला ही में एक इंटरव्यू में ये पूछे जाने पर कि क्या फिल्म इंडस्ट्री एक क्रूर जगह है। तो उन्होंने इससे सहमती जताई और बोलीं,% बेशक, यह (फिल्म उद्योग) क्रूर है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है। अगर वे (लोग) आपको पसंद करते हैं तो आपको बस यही चाहिए। आप चाहते हैं कि लोग आपको देखना पसंद करें।

इलियाना इस फिल्म में आएंगी नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो इलियाना फिल्म %बिग बुल% में नजर आई थीं और अब इलियाना रणदीप हुड्डा के साथ वो %अनफेयर ऐंड लवली% में नजर आएंगी। फिल?म का बैकग्राउंड हरियाणा से है और यह हमारे देश के फेयर स?किन के जुनून और उससे सांवली लड़कियों को होने वाली मुश?किलों पर बेस?ड है।

किया ऐसा प्रैंक, उल्टा उन्हीं पर हंसने लगे लोग

वीडियो में देखा सकता है कि सनी लियोनी कहती है कि ओ क्या हो गया। लंचब्रेक खत्म हो गया।

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी काफी खुशमिजाज महिला है। वह अपने प्रोजेक्ट्स की शूटिंग पर जमकर मस्ती करती हैं। उन्हें जब ब्रेक मिलता है, वह अपने को-स्टार्स के साथ मजाक करती हैं। हाल हीं सनी ने शूटिंग के दौरान अपने कलीग्स के साथ प्रैंक करना चाहा। लेकिन एक्ट्रेस का व्यवहार ऐसा है कि प्रैंक उन्हीं पर उल्टा पड़ गया। दरअसल सनी लियोनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह बड़ी मासूमियत के साथ प्रैंक करने की कोशिश करते दिख रही हैं। उन्होंने लंच ब्रेक एरिया में जाकर सभी को तंग करने का प्लान बनाया। लियोनी सभी से कहा कि सभी उठकर काम पर चलों ब्रेक खत्म हो गया है। अभिनेत्री ने सभी को तेज आवाज में वहां से बाहर निकलने को कहा। लेकिन कोई भी अपनी जगह से बिल्कुल हिला नहीं। लियोनी की इस प्यारी हरकत को देख लंच ब्रेक एरिया में बैठे लोग जोर जोर से हंसने लगे। वीडियो में देखा सकता है कि सनी लियोनी कहती है कि ओ क्या हो गया। लंचब्रेक खत्म हो गया। किसी ने तुम लोगों को बताया नहीं। वो लोग शूटिंग के लिए तैयार हो गए। चलो.. चलो.. जल्दी चलो। अभिनेत्री के कहने पर जब कोई अपनी जगह से नहीं हिला। तब एक्ट्रेस ने कहा कि हंस क्यों रहे हो, कोई मुझे सीरियसली क्यों नहीं लेता।

7 घंटे के अंदर 1 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देखा

नई दिल्ली। दुनिया के साथ-साथ भारत में भी Friends Reunion की स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म ZEEz पर की गई। दुनिया के सामने आते ही इस शो ने कई रिकॉर्ड बना दिए। लॉकडाउन के बीच Friends Reunion इसके फैंस के लिए किसी खास तोहफे से कम नहीं था। इस शो में फैंस को वो सबकुछ मिला, जिसकी उन्होंने उम्मीद की थी। पुरानी यादें, वही हाव भाव, नाटक, मस्ती और ढेर सारी यादें। शो की सफलता पर जी की टीम ने कहा कि उन्होंने भारत में भी फैंस को वह मजा देने में सफलता पाई है, जो दुनियाभर में लोगों को मिल रहा है। इस एपिसोड ने 7 घंटे से भी कम समय में 1 मिलियन व्यूज पार कर लिए हैं।

अमित गोएंका ने जताई खुशी

जी ग्रुप के डिजिटल बिजनेस और प्लेटफॉर्म के अध्यक्ष अमित गोएंका ने कहा " ZEEz पर फ्रैंड्स रीयूनियन को जो प्यार मिला है, उससे हम काफी खुश और उत्साहित हैं। देशबर में 1 मिलियन से ज्यादा लोग अब तक यह शो देख चुके हैं। हमें बहुत खुशी है कि हमने इस शो के चाहने वालों को उनकी मांग के मुताबिक कंटेट दिया है। यूजर्स की खुशी और सहजता हमेशा हमारे सभी प्लेटफार्मों पर हमारी प्राथमिकता रही है। यह कदम हमारे दर्शकों और भागीदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को फिर से स्थापित करता है। देश का सबसे छोटा ओटीटी प्लेटफॉर्म दुनिया में प्यार बटोर रहा है। हम ऐसे प्रोग्राम बनाते रहेंगे जो फैंस को पसंद हैं। हम भारत और दुनिया भर में दर्शकों के लिए प्रीमियम और ओरिजनल कंटेट के साथ अपनी पेशकश जारी रखेंगे।

रीयूनियन में शामिल हुए ये चहेते स्टार्स

फ्रैंड्स के रीयूनियन में शो के 6 सबसे चहेते किरदार शामिल हुए थे। जेनिफर एनिस्टन, मैथ्यू पेरी, मैट ले ब्लैंक, लिसा कैड्रू, डेविड स्विमर और कर्टनी कॉक्स इस शो का हिस्सा बने। सभी ने मिलकर शो से जुड़ी 10 साल की यादें ताजा की। इस दौरान कैमरे के पीछे होने वाली घटनाओं पर बात हुई। उन्होंने याद किया कि कैसे मैट ने एक सीन के लिए अपना कंधा डिशलोकेट करा लिया था। साथ ही कैसे कर्टनी अपनी लाइनें याद रखने के लिए उन्हें टेबल पर लिख लेती थी। जेनिफर और डेविड ने बताया कि पहले सीजन के दौरान जब वो एक दूसरे से फ्लर्ट कर रहे थे और सेट में साथ में कडल कर रहे थे तब दोनों एक दूसरे को बहुत पसंद करते थे।

पोपटलाल को बस सताए जा रही एक चिंता

नई दिल्ली। पोपटलाल का मिशन वापस होगा फेल नीला फिल्म प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत तारक मेहता का उल्टा चश्मा में पोपटलाल को बस यही चिंता सताई जा रही है कि कैसे वह अपने मिशन %काला कौआ% को सफल करे। डॉ. हाथी के पकडे जाने के बाद भी वह हार नहीं मानते और तुरंत गोकुलधाम सोसाइटी से जेठालाल को प्लान में शामिल होने के लिए बुलाते हैं। जेठालाल के साथ चंपकलाल और बाघा भी प्लान में मदद करने के लिए तैयार हो जाते हैं। पोपटलाल को लगता है कि अब की बार उनके यह स्टिंग ऑपरेशन को सफल होने से कोई रोक नहीं सकता है और वह सब के सामने ब्लैक मार्केटिंग करने वाले चोरों की असलियत लेकर आएंगे। पोपटलाल जेठालाल को पूरा प्लान समझाते हुए उनको चोरो के गैंग का कोड वर्ड सिखाते है? ताकि उन्हें चोरों से बातचीत करते हुए कोई दिक्कत न आये, पर दूसरी ओर वही चोर डॉ.हाथी को पकड़ने के बाद ज्यादा सतर्क हो जाते है और अपना कोड वर्ड बदल देते है। इस बात की खबर पोपटलाल को मिलते ही वह परेशान हो जाते है। अब वह इस चिंता में चले गए है कि नए कोड वर्ड नहीं पता होने से वह आगे कोई भी कदम नहीं बढ़ा सकते। क्या पोपटलाल को इसी कारण से अपना स्टिंग ऑपरेशन रद्द करना पड़ सकता है? क्या वह अपनी और जेठालाल की जान धोके में डालते हुए उन चोरो का सच सामने लाएंगे ? कैसे बढ़ाएंगे पोपटलाल अपने मिशन को आगे जानने के लिए देखते रहिये नीला फिल्म प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत तारक मेहता का उल्टा चश?मा सोमवार से शुक्रवार रात सिर्फ सब टीवी पर।

गांव से लेकर वार्डों तक क्राइसिस मैनेजमेंट समूह बैठकें जारी

हर स्तर पर लॉक डाउन खोलने की कवायद

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश में 1 जून से अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो रही है। सरकार ने अनलॉक की राज्य स्तरीय गाइडलाइन सभी जिलों की क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों को भेज दी है। इसके मुताबिक प्रदेश में किराना दुकानें खुल जाएंगी। स्कूल-कॉलेज, सिनेमा हॉल व शॉपिंग मॉल अभी बंद ही रहेंगे।

प्रत्येक शनिवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। गृह विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक हर स्तर पर लॉक डाउन खोलने की कवायद चल रही है गांव से लेकर वार्डों तक क्राइसिस मैनेजमेंट समूह चर्चा में जुटा है। बैठकों का दौर लगातार जारी है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा इस पर नजर रख रहे हैं पल पल जानकारी भी ले रहे हैं। उसके बाद शाम को सभी जगह की रिपोर्ट आने के बाद उसकर समीक्षा होगी और फिर गृहमंत्रालय को इसे भेजा जाएगा इसी के बाद वहां से जो दिशा निर्देश प्राप्त होंगे उसी के मुताबिक 1 जून से अनलॉक की प्रक्रिया शुरू कर जाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा के मुताबिक आज शाम तक सभी क्राइसिस मैनेजमेंट समूह चर्चा कर अनलॉक प्रक्रिया के संबंध में निर्णय लेकर 31 मई को हर जिले में आदेश जारी करेंगे। जिन गांवों में एक भी संक्रमित नहीं है, उसे ग्रीन जोन में रखा गया है। जहां 4 से कम केस हैं, उन गांवों को यलो जोन में रखा गया है। इसके लिए अनलॉक के अलग नियम बनाए गए हैं। इसी तरह 5 या इससे अधिक केस वाले गांव को रेड जोन में रखा गया है। रेड जोन और शहरों के माइक्रो कंटेनमेंट जोन में अलग नियम के अनुसार गतिविधियां हो सकेंगी। फोटो- बबलू

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा इस पर रख रहे नजर

जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायें -शर्मा

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने शहर के सभी एसडीएम और तहसीलदारों की बैठक लेकर उन क्षेत्रों को चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं जहां अनलॉक की प्रक्रिया के शुरूआती चरण में कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों से दी जाने वाली छूटों के दौरान भीड़ एकत्र होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों के लिए अभी से प्लानिंग करनी होगी और उस पर सख्ती से अमल भी करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों से दी जाने वाली छूटों के दौरान भीड़ एकत्र न होने देना प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने के लिए अभी से प्लानिंग करनी होगी, सभी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित करनी और बेहतर प्रबंधन भी करना होगा। इसके साथ ही कोरोना प्रोटोकॉल तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग एवं फेस मास्क लगाने के नियम का सख्ती से पालन कराना होगा। इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी तथा उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करनी होगी। श्री शर्मा ने कहा कि अनलॉक के शुरूआती चरण में उन वार्डों में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी जहां अभी भी कोरोना के एक्टिव केस ज्यादा हैं और नये कोरोना मरीज भी तुलनात्मक रूप में ज्यादा आ रहे हैं ।

हमारी सुनो साहब व्यापारियों की गुहार

जबलपुर । 1 जून से सरकार अनलॉक की प्रक्रिया शुरू कर रही है जिसके अंतर्गत आपदा प्रबंधन समिति आज शाम को फैसला लेगी कि अनलॉक की प्रक्रिया क्या होगी । नगर के सभी व्यापारियों की मांग है कि अनलॉक के प्रथम चरण में ही दुकानों को खोलने की अनुमति दें। दुकानों को बंद हुए पचास दिन से अधिक हो गए हैं ।छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी क़र्ज़ में डूबते जा रहे हैं क्योंकि उन्हें टेक्स,बिजली बिल,फ़ोन बिल,बैंक का ब्याज,लोन की किस्तें,आए हुए माल का भुगतान,कर्मचारियों का वेतन का भुगतान ,बच्चों की फ़ीस के साथ ही घर परिवार का दैनिक ख़र्च करना वहन पड़ता है । दो माह में यह सब करते करते व्यापारी कर्ज में डूब गया है ।अत: इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार पहले चरण में दुकानों को खोलने की घोषणा करे । दुकानों को खोलने की प्रक्रिया में सभी दुकानें खोलने की छूट दें इसमें आड ईवन व्यवस्था को दूर ही रखें क्योंकि यह पिछले वर्ष भी सफल नहीं हुआ था ।आड ईवन व्यवस्था से व्यापारियों में आपस में विद्वेष बढ़ता है । दुकानदार सरकार के सभी नियमों का पालन करते हुए व्यापार करेंगे ।शहर 9 अप्रैल से कोरोना संक्रमण को लेकर लॉक डाउन है लगभग 2 महीने के लॉकडाउन में आम व्यापारी आर्थिक रूप से टूट चुका है वर्तमान में जबलपुर शहर में कोविड-19 के केस 2 प्रतिशत से भी कम है अत: व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए शासन की गाइड लाइन के अनुसार हम सभी व्यापारियों को सुबह 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक दुकान खोलने की परमिशन प्रशासन द्वारा दी जाए ज्यादा समय मिलने से मार्केट में भीड़ भाड नही रहेगी हम सभी व्यापारी कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क पहनकर व्यापार करेंगे साथ ही प्रशासन के निर्देशों पालन करेंगे। जबलपुर डिटेल रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ, सराफा व्यापारी संघ ,जबलपुर थोक वस्त्र व्यापारी संघ ,लार्डगंज व्यापारी संघ ,मेन रोड गंजीपुरा व्यापारी संघ, जबलपुर बेंगल व्यापारी संघ ,मछरहाई व्यापारी संघ, नार्मल स्कूल गंजीपुरा व्यापारी संघ कोतवाली व्यापारी संघ ने शासन प्रशासन से मांग की है कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाए।

नकली इंजेक्शन कांड

मोखा का मोबाइल खोलेगा कई राज

जबलपुर, यशभारत। नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन मामले में गिरफ्तार सरबजीत मोखा की रिमांड अवधि एसआईटी ने दो दिन और बढ़वा ली है। शनिवार को मोखा को मुलाहिजा के बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां उसके अधिवक्ताओं की लंबी फौज लगी थी। एसआईटी ने कोर्ट से मोखा का दो दिन रिमांड और मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बताते हैं कि एसआईटी को अभी मोखा का मोबाइल नहीं मिल पाया है। इसके अलावा इंजेक्शन को लेकर भी कुछ पूछताछ शेष है।

मामले में प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है एसआईटी की टीम

इंजेक्शन को लेकर भी टीम की होगी पूछताछ

एसआईटी नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन को लेकर एक बार फिर मोखा से पूछताछ की तेयारी हैं है। वहीं उसे लेकर शुक्रवार को एसआईटी की टीम उसके अस्पताल और घर भी लेकर गई थी। अस्पताल में उसने किस कम्प्यूटर से रिकॉर्ड व बिल मॉडीफाई कराए थे, उसे क्रास चेक करना था। वहीं पत्नी जसमीत के बयानों की मोखा से तस्दीक करानी के लिए घर ले गई। मोखा ने भी घर के उसी हिस्से में नकली इंजेक्शन की शीशियां तोड़ना बताया, जहां जसमीत ने बताया था। अब टीम इंजेक्शन की मात्रा और किसे कितना और कब-कब इंजेक्शन लगाए गए। इसका पूरा विवरण एसआईटी जुटाएगी।एएसपी रोहित काशवानी ने बताया कि सिटी अस्पताल के संचालक सरबजीत सिंह मोखा को रेमडेसिवर इंजेक्शन के नकली होने की जानकारी थी या नहीं, फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस की मानें तो इस बिंदु पर गुजरात पुलिस विस्तृत जांच कर रही है और जांच के उपरांत जो दस्तावेज गुजरात पुलिस द्वारा दिए जाएंगे, उसके बाद यह स्पष्ट हो पाएगा कि मोखा को इंजेक्शन के नकली होने की बात पता थी अथवा नहीं।

आरोपियों को ट्रांसफर वारंट पर लाएंगे

जबलपुर पुलिस लंबे समय से नकली रेमडेसिवर इंजेक्शन मामले में सपन जैन, सुनील मिश्रा व अन्य दो आरोपियों को शहर लाने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब जल्द ही चारों आरोपियों को ट्रांसफर वारंट पर शहर ला कर पूछताछ की जाएगी। उनके शहर आने के बाद सरबजीत सिंह मोखा को उन चारों के सामने बैठाकर भी पूछताछ की जा सकती है।

सब सोते रहे, झूल गया फांसी पर , आर्थिक तंगी से था परेशान

जबलपुर, यशभारत। नया मोहल्ला में रहने वाले इमरान अली पूरे दिन भर आलू प्याज बेचकर घर पहुंचा सभी के रात में साथ खाना खाया लेकिन सुबह जब घर वालों ने इमरान के कमरे में देखा तो वह फांसी पर झूला मिला।इमरान की आत्महत्या के बाद मां-पत्नी-बेटा और बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है। बच्चे तो भरोसा ही नहीं कर रहे कि पापा ऐसे करेंगे वहीं बू?ी लाचार मां और बेबस पत्नी सुधबुध खो चुकी है।ओमती पुलिस के मुताबिक नया मोहल्ला निवासी इमरान अली (45) परिवार का इकलौता कमाने वाला था। घर में 65 वर्षीय मां साबरा बी हैं, जो पैरालिसिस से पीि?त हैं। पत्नी मोना सहित दो बच्चे 11 वर्षीय बेटा अरमान और 8 वर्षीय बेटी अरीबा की जिम्मेदारी उसी पर थी। कृषि उपज मंडी में व आलू-प्याज की दुकान थी।

परिवार की जिम्मेदारियां उठाने में कर्जदार हो गया थाइमरान को व्यापारी में पिछले आठ महीने से घाट लग रहा था। लॉकडाउन के चलते उसे लागत निकालने में मुश्किल आ रही थी। बीमार मां और परिवार की जिम्मेदारियों उठाने में वह कई लोगों का कर्ज भी हो गया था। आर्थिक हालात से परेशान होकर उसने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पत्नी-बच्चों को सोता छोड़ पंखे से झूल गया इमरान पत्नी व बच्चों के साथ शनिवार को खाना खाया और फिर कमरे में सोने चला गया। उसी कमरे में पत्नी मोना और दोनों बच्चे अरमान व अरीबा भी सो रही थीं। रात तीन बजे के लगभग मोना की नींद टूटी तो पति को पंखे के हुक में रस्सी के फंदे से लटका पाया। चीख सुनकर मोहल्ले के लोग दौ?कर मदद को पहुंचे। इमरान को फंदे से उतारकर विक्टोरिया अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

सुसाइड की खबर मिलते ही एसआई अमर सिंह मौके पर पहुंचे। शव को पीएम के लिए भिजवाया। रविवार को मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची। टीम ने पूरे कमरे की जांच की और परिजनों के बयान दर्ज किए। इमरान के चचेरे भाई शमशेर ने बताया कि पूरे परिवार में वह इकलौते कमाने वाले थे, लेकिन आर्थिक हालात से परेशान चल रहे थे। ओमती पुलिस के मुताबिक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के कथन के आधार पर मर्ग जांच होगी।

शोकाकुल परिजन इनसेट में जीवित अवस्था का चित्र।

घर में इकलौता था कमाने वाला, मां, पत्नी और बेटा-बेटी का रो-रोकर बुरा हाल

दवा कंपनी के कर्मचारी को पिल्लू , करण ने लूटा था

जबलपुर, यशभारत। बीते कुछ दिन पहले दिन दहाड़े दवा कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी से बाइक सवार युवकों ने मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए इसमें दो आरोपी पिल्लू और करण को गिरफ्तार किया है। छोटी ओमती के खलासी लाईन निवासी किशन बरमैया दवा कंपनी में प्राइवेट काम करता है। 14 मई की दोपहर में सवा एक बजे वह फोन पर बात करते हुए तहसील चौक तरफ से घर की ओर जा रहा था। घोड़ा अस्ताल के आगे पहुंचा था, तभी एक बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश बगल से निकले। बाइक के पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर किशन का मोबाइल छीन लिया। इसके बाद वे तेजी से तहसील चौक की ओर भाग निकले। किसन ने बेलबाग थाने पहुंच कर लूट का मामला दर्ज कराया। पीड़ित किसन के मुताबिक दोनों बदमाशों की उम्र 20-25 वर्ष रही होगी।

सीसीटीवी से दबोचे गए बदमाश

बेलबाग टीआई अरविंद चौबे के मुताबिक घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से लुटेरों के बारे में पता लगाने में जुटी थी। फुटेज में कैद दोनों बदमाशों की पहचान आगा चौक दुर्गा मंदिर भ?पुरा लार्डगंज निवासी वंश उर्फ पिल्लू बेन (18) और वहीं के करण वाल्मीकि के रूप में हुई। बेलबाग पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों घटना के बारे में स्वीकार करते हुए निशानदेही पर मोबाइल भी जब्त कराया। बदमाशों ने बाइक के बारे में बताया कि यह आगा चौक उजारपुरवा लार्डगंज निवासी युवराज कसरा का है। इस बाइक में नंबर वारदात के समय नहीं डली थी। बाइक के संबंध में आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। पुलिस ने बाइक जब्त करते हुए आरोपी युवराज कसरा के खिलाफ अलग से चोरी की बाइक जब्त होने का प्रकरण दर्ज किया। खुलासे में टीआई के आलवा एसआई नवीन नामदेव, आरक्षक भूपेंद्र सिंह रावत, मनीष सिंह, रोहित, राजेश मातरे व योगेंद्र की भूमिका रही।

श्रीमती शांति चोहटेल का स्वर्गवास

जबलपुर। सुहागी निवासी श्री बंशीलाल चोहटेल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति चोहटेल का 64 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया है। वे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष प्रमोद चोहटेल की माताजी थी।अंतिम संस्कार कोरोनॉ प्रोटोकॉल के तहत चौहानी मुक्तिधाम में किया गया।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम क्यों किया जा रहा ट्रूप्स लाइन एसक्यूएई खमारिया में चल रही है साजिश

जबलपुर यशभारत।एक तरफ जहां जगह जगह वृक्ष लगाने का अभियान जोर शोर से चलाया जाता है ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को जीवन दायनी प्राण दायनी आक्सीजन मिलती रहे।कई जगहों पर निजी स्वार्थों के चलते उन पर कुल्हाड़ी चला कर उन्हें निर्जीव कर दिया जा रहा है।ऐसा ही नजारा विगत दिनों एसक्यूएई एवं एलपीआर खमरिया के ट्रूप्स लाइन में देखने मिल रहा है।जहां वर्तमान कमान्डेट द्वारा फारेस्ट विभाग की अनुमति लिये बिना हरे भरे सागौन एवं सीशम जैसे वृक्षों का कत्ले आम करवा दिया ।आसपास के निवासियों और संस्थान के कर्मचारियों का कहना है कि जो पड़ शुद्ध प्राणवायु वातावरण को प्रदान करते हैं उनका ही निजी स्वार्थ के लिए कत्ल कर दिया जाए कहां तक उचित है वह भी तब जब वहां किसी प्रकार का कोई काम और निर्माण का प्रावधान या योजना नहीं है।यदि है तो उसके लिए वन विभाग की अनुमति जरूरी होती है. ऐसे में सागौन जैसे कीमती वृक्षों का काटना जो संगेय अपराध है कतिपय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है ।वन विभाग के संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि प्राण वायु देने वाले वृक्षों के कत्लेआम के संबंध में जिम्मेदारों से इस मामले में तलब करें।

पहले प्रेम विवाह किया अब कर रहे प्रताड़ित

जबलपुर। एक युवती से प्रेम विवाह कर पत्नि बनाने वाले सख्श ने ६ माह में ही अपना असली रूप दिखा दिया। युवक व उसके परिजनों ने नवविवाहिता से दहेज की डिमांड कर उसे प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। रोज-रोज की किलकिल से परेशान पीड़िता ने मामले की शिकायत खमरिया थाने में दर्ज करायी है। जिस पर पुलिस ने आरोपी पति,सास, ससुर के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम पंचायत घाना निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज करायी कि उसने राज नामक युवक से वर्ष 2020 में प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद राज उसे अपने घर ले गया, जहां उसके माता-पिता ने भी उसे स्वीकार कर लिया और छ: माह तक सभी उसे खुश रखे रहे। इसके बाद से सभी मिलकर उसे दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि दहेज न मिलने की बात से नाराज उसके पति राज, सास कमला एवं ससुर अशोक आये दिन विवाद करते हुये झूमाझटकी कर मारपीट करते थे। पति सास एवं ससुर कहने लगे अपने मायके से दहेज मे सामान एवं नगदी रूपये लेकर आओ। तभी तुझे अच्छे से रखेंगे नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। ससुराल वालों की प्रताडना से तंग आकर वह विगत 23 मार्च से अपने मायके में रह रहीं है।

पीड़िता ने खमरिया थाने में दर्ज करायी शिकायत

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार
अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा | बोल्ड चना | केला चिप्स | बोल्ड पीनट | मसाला चना | ड्राय मेल | चना जौर गर्म
मो. 9827681910
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

बाईक की टक्कर से युवक मृत

जबलपुर। पनागर थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम उमरिया चौबे में पैदल जा रहे एक युवक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाईक चालक ने टक्कर मार दी। जिसे गंभीरावस्था में जबलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।पुलिस ने बताया कि ग्राम चौबे उमरिया निवासी राजेश पटेल ने सूचना दी कि बीती शाम लगभग 7.30 बजे ग्राम ग्राम उमरिया चौबे ट्रांसफार्मर के पास एक मोटर सायकल चालक के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये भुजवल सिंह ठाकुर उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया चैबे को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे भुजवल सिंह घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिये टू- केयर अस्पताल में भर्ती कराये थे। जहां दौरान उपचार के रविवार सुबह लगभग 5-30 बजे भुजवल सिंह ठाकुर की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति || जय बाबा मसान || ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
अग्रवाल पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
9111712445, 8871253911 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामाग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
पेट में लंबे समय से तकलीफ
लिवर से संबंधित बीमारियां
पैंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)